


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



■ रायपुर,सोमवार 21 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष -42 ■ अंक-173 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## पुजारी मालिक नहीं, हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

बिलासपुर,21सछत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने धार्मिक संपत्ति को लेकर अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफ कहा कि भगवान की संपत्ति का प्रबंधन करने वाला पुजारी या सर्वराकार उसका स्वतंत्र मालिक नहीं बन सकता। मामला रायपुर के ठाकुर रामचंद्र जी स्वामी जैतूसाव मठ पब्लिक ट्रस्ट की संपत्तियों से जुड़ा था। राजस्व रिकॉर्ड में कलेक्टर का नाम मैनेजर/सर्वराकार दर्ज किए जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई थी। जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड में किसी का नाम दर्ज होना उसके सर्वराकार पद या ट्रस्ट की संपत्ति पर अंतिम अधिकार तय नहीं करता। याचिकाकर्ता महंत राम आशीष दास ने वसीयत, गोद लेने के दस्तावेज और सर्वराकार के रूप में नियुक्ति के आधार पर संपत्तियों पर अपना दावा किया था। मामले में राजस्व अधिकारियों के अलग-अलग आदेशों के बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पुजारी उत्थान एवं कल्याण समिति मामले में तय सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा कि धार्मिक संपत्ति के प्रबंधन का अधिकार मालिकाना हक नहीं देता। कोर्ट ने अनुच्छेद 227 के तहत हस्तक्षेप से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

## जांच में मेयोनीज असुरक्षित, विक्रय, वितरण के साथ भंडारण पर लगाई तत्काल रोक

**धमतरी,21 सितंबर।** मेयोनीज के शौकीनों के लिए धमतरी से एक बड़ी खबर सामने आई है. धमतरी जिला खाद्य एवं औषधि विभाग ने जांच में "वीबा ब्रांड एगलेस मेयोनीज" के एक बैच को असुरक्षित पाए जाने के बाद जिले में इसके विक्रय, वितरण और भंडारण पर तत्काल रोक लगा दी है। दरअसल, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के दौरान "वीबा मेयोनीज" के बैच नंबर K182 का नमूना प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया था. कैली लैब, भोपाल की जांच रिपोर्ट में इस उत्पाद में प्रोपेल गैलेट नामक एंटीऑक्सीडेंट निर्धारित सीमा से अधिक पाया गया। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित बैच को असुरक्षित घोषित किया गया है। यह उत्पाद 18 अप्रैल 2026 को निर्मित और 17 जनवरी 2027 तक इसकी एक्सपायरी थी।खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 36(3)(ख) के तहत कार्रवाई करते हुए धमतरी जिले में इस बैच के विक्रय, वितरण और भंडारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है, साथ ही प्रशासन ने जिले के सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि वीबा ब्रांड के बैच नंबर K182 की बिक्री या वितरण न करें। साथ ही जिन कारोबारियों के पास इस बैच का स्टॉक मौजूद है, उन्हें उसे आगे बिक्री के लिए नहीं रखने को कहा है।

## छत्तीसगढ़ में दशहरा, दिवाली और शीतकालीन छुट्टियों का ऐलान

**रायपुर 21 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ में स्कूली बच्चों और शिक्षकों के लिए बड़ी खबर है। स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए दशहरा, दीपावली और शीतकालीन अवकाश की तारीखें जारी कर दी हैं। राज्य शासन की ओर से 21 सितंबर 2026 को जारी आदेश के मुताबिक, इस सत्र में तीन अलग-अलग चरणों में कुल 15 दिन का दीर्घकालीन अवकाश रहेगा।शासन के आदेश में अवकाश की तारीखों के साथ यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था राज्य की शासकीय, अनुदान प्राप्त और गैर-अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ-साथ डीएड, बीएड और एमएड कॉलेजों पर लागू होगी।

# टैरिफ पर भारत ने अमेरिका को तगड़ा सुना दिया, ट्रंप हैरान

**नई दिल्ली,21 सितंबर।** पिछले कुछ दिनों से अमेरिका के जिस बिल की पूरी दुनिया में चर्चा हो रही थी, आखिरकार अब वह कानून बन गया है क्योंकि रूस और उससे तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने वाला बिल दोनों सदनों से पास हो गया और ट्रंप ने भी उस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। अब ट्रंप को यह शक्ति मिल गई है कि वह रूस और उन देशों पर 100% तक टेरिफ लगा सकते हैं जो रूस से बड़े पैमाने पर तेल और गैस खरीदते हैं। नए कानून को हथियार बनाकर ट्रंप जिन देशों पर टेरे बम फोड़ने वाले हैं उनमें भारत भी शामिल है। क्योंकि चीन के अलावा भारत भी रूसी तेल के बड़े आयतकों में आता है। लेकिन जैसे ही ट्रंप को 100% टेरिफ लगाने की पावर देने वाला बिल कानून बना तो अमेरिका के सांसदों ने भारत को धमकी देनी शुरू कर दी। मगर भारत ने भी इन सांसदों की धमकी का ऐसा तगड़ा जवाब दिया है कि ट्रंप भी देखते रह गए। क्योंकि भारत ने इस बार जो जवाब दिया है वह आरपार वाला है। यानी कि भारत ने एक तरह से



अमेरिका को समझा दिया है कि अब धमकीबाजी नहीं चलेगी।

अगर दोनों देशों के बीच रिश्ते बिगड़ते हैं तो इसका भारत पर कोई असर नहीं होगा। दरअसल डेमोक्रेटिक सेनेटर रिचर्ड ब्लू मेंथल ने भारत और चीन को धमकी देते हुए कहा कि अपना रवैया सुधारो और तेल कहीं और से खरीदें। तुष्टीरण कोई रणनीति नहीं है। यही नहीं बल्कि अमेरिकी सेनेटर ने पुतिन से भी धमकी लहजे में जो कहा वो भी चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि हमें आपकी असलियत पता है। रूस की अर्थव्यवस्था डगमगा रही है। आपका वॉर मशीन खतरे में है। चीन और भारत आपके लिए बेहतर है कि आप अपना रवैया सुधारें। फिर भारत ने इस धमकी का ऐसा तगड़ा जवाब दिया कि पूरा अमेरिका हिला दिया।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अपने 140 करोड़ लोगों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए अलग-अलग देशों से तेल और गैस खरीदना जारी रखेगा और बाजार में बदलाव के हिसाब से फैसले लेगा। भारत अपने व्यापार और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के लिए तैयार है। यानी कि भारत ने अमेरिका के धमकीबाज सांसद को बता दिया कि भारत पर इसका कोई असर पड़ने वाला नहीं है। भारत अपने ऊर्जा हितों को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। कुल मिलाकर साफ है कि इस बार भारत आरपार के मूड में है। अमेरिका अगर भारत पर टेरिफ लगाता है तो भारत भी पूरी तैयारी के साथ बैठा है और तुरंत मुंहतोड़ जवाब देने वाला फैसला लेगा और किसी भी कीमत पर वह अपने सबसे भरोसेमंद दोस्त और पुराने दोस्त रूस से रिश्ते नहीं तोड़ेगा। दरअसल रूस यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत लगातार रूसी तेल का आयात कर रहा है.

## मंत्री खुशवंत साहेब ने कांग्रेस पर लगाया परिवार को बांटने का आरोप

रायपुर,21 सितंबर। छत्तीसगढ़ की सियासत में उस वक्त बड़ा उलटफेर हुआ, जब कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के बड़े ढाल दास ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया. उनके कांग्रेस प्रवेश के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई. इस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कांग्रेस पर परिवार और समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया है. मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि कांग्रेस की नीति हमेश से फूट डालो और राज करो की रही है. कांग्रेस आपस में लड़ाने का काम कर रही है. कांग्रेस एक परिवार, समाज और धर्म को एक-दूसरे से लड़ाने का काम कर रही है. लेकिन हम सभी दृढ़ संकल्पित हैं और राष्ट्र प्रथम, देश प्रथम की विचारधारा से जुड़े हुए हैं. हमारा लक्ष्य प्रदेश को विकसित बनाने का है.

पीसीसी चीफ बैज के कांग्रेस से सीएम उम्मीदवारों वाले बयान पर मंत्री खुशवंत साहेब ने निशाना साधा. उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है. कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है. आपसी कलह साफ दिखाई दे रही है. उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस को पहले ही अपनी पसंद से हटा दिया है. कांग्रेस कितना भी प्रयास कर ले, जनता का विश्वास खो चुकी है. कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर पर तंज कसते हुए खुशवंत साहेब ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर से कुछ नहीं होने वाला. कांग्रेस ग्राउंड में कितना भी मेहनत कर ले, वहां पैसों का खेल और भ्रष्टाचार चलता है.20 निष्कासित नेताओं की कांग्रेस में वापसी को लेकर खुशवंत साहेब ने कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि जितने भी अपराध होते हैं, उनमें कांग्रेस का नाम सामने आता है.

# भारत से पंगा लेकर अंधेरे में डूब गया बांग्लादेश

**ढाका,21 सितंबर।** ब्रिक्स में बांग्लादेश का ना आना क्या उसे भारी पड़ गया? क्या तारिक रहमान ने जो भारत को आंख दिखाने की कोशिश की उसका अंजाम बांग्लादेश भुगत रहा है? क्या भारत ने बांग्लादेश की बिजली काट दी क्योंकि तारिक रहमान ब्रिक्स में नहीं आए। इस वक्त यही बात चल रही है और लगातार यह कहा जा रहा है बांग्लादेश की तरफ से कि भारत ने उनकी बिजली काट दी। अडानी पावर प्लांट से जो बिजली बांग्लादेश को पहुंचाई जाती थी वो बिजली ठप कर दी गई है। बांग्लादेश यह बताकर दुनिया में विक्टिम कार्ड खेल रहा है और यह जताने की कोशिश कर रहा है कि देखिए जब हम ब्रिक्स में नहीं गए तो भारत उसका बदला कैसे ले रहा है। लेकिन सच क्या है? हुआ कुछ यूं कि भारत में 12 और 13 सितंबर को ब्रिक्स समिट हुआ। जिसमें चीन, रूस और ब्रिक्स के सभी देश शामिल हुए। तमाम समझौते हुए, तमाम बातें हुई और दुनिया के तमाम जानी दुश्मन देश एक मंच पर नजर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ। अब ऐसे में बांग्लादेश को भी बुलावा था। लेकिन बांग्लादेश की तरफ से यह बताया गया कि बीएनपी के नेता और प्रधानमंत्री तारिक रहमान भारत नहीं जाएंगे क्योंकि उनके एक अधिकारी की बेइज्जती भारत में कुछ दिन पहले हो गई थी। अब जब ब्रिक्स का सम्मेलन खत्म हुआ तो इसके बाद बांग्लादेश ने ये माहौल बनाना शुरू कर दिया कि ब्रिक्स में ना जाने का खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है और भारत ने बांग्लादेश की लाइट काट दी है बांग्लादेश जिसकी वजह से अंधेरे में डूब गया है।

हुआ कुछ यूं कि झारखंड में अडानी पावर के थर्मल प्लांट में शटडाउन को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी बीएनपी ने तारिक रहमान के ब्रिक्स समिट के लिए दिल्ली ना आने से जोड़ दिया।

यह प्लांट बांग्लादेश को बिजली सप्लाई करता है जो खराबी आने की वजह से बंद हो गया। इससे बीते हफ्ते तीन दिन तक बांग्लादेश में बिजली का संकट रहा। पर तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बीएनपी ने ना सिर्फ नाराजगी जताई बल्कि इसे रहमान के ब्रिक्स में ना आने से जोड़कर भारत को बदनाम करने का पूरा प्लानिंग तैयार कर लिया था और जो बात बांग्लादेश की तरफ से कही गई वो साफ बताती है किस तरीके से बांग्लादेश नीचता पर उतरा है। बीएनपी के कार्यवाहक महासचिव कबीर रिवी कहते हैं तारिक रहमान एक संप्रभु देश के प्रधानमंत्री हैं तो क्या आप दिल्ली में उन्हें प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं बुलाएंगे ऐसा नहीं हो सकता। वो नहीं गए और ऐसा कर देश की गरिमा को बनाए रखा। तारीख के ना जाने के फैसले के अगले दिन ही प्लांट बंद कर दिया गया। इसके पीछे क्या वजह है?

अब तारिक रहमान ब्रिक्स में नहीं आए। उधर बांग्लादेश में तीन दिनों तक लाइट चली गई। जिसके बाद बांग्लादेश ने दोनों मामलों को एक साथ जोड़ दिया और विक्टिम कार्ड खेलना बांग्लादेश ने शुरू कर दिया। जैसा इन बांग्लादेशियों का और पाकिस्तानियों का हमेशा से दोहरा रवैया रहता है वही यहां पर भी देखने को मिला। जबकि सच इससे इतर है। झारखंड के प्लांट 800 मेगावाट की यूनिट टू गुरुवार आधी रात यानी 10 सितंबर बॉयलर में खराबी आने के बाद बंद हो गई। इससे बांग्लादेश को 84 घंटों तक बिजली संकट का सामना करना पड़ा और कई शहरों में वहां पर अंधेरा छा गया।

## 'दोबारा गिरफ्तारी' पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला मजिस्ट्रेट की मंजूरी जरूरी, पुलिस को कारण बताना होगा

नई दिल्ली,21सितंबर। दोबारा गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोबारा गिरफ्तारी के लिए पुलिस को मजिस्ट्रेट की मंजूरी जरूरी होगी। जबकि पुलिस को वाजिब कारण बताना होगा। जस्टिस उज्ज्वल भुयान और जस्टिस अतुल चंदुरकर की बेंच ने यह तय किया कि आर्टिकल 22(1) के उल्लंघन के कारण रिहा किए गए व्यक्ति को दोबारा गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को संबंधित ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के सामने एक अर्जी देनी होगी। साथ ही मजिस्ट्रेट की मंजूरी लेनी होगी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 22(1) के उल्लंघन के कारण अवैध घोषित हुई पिछली गिरफ्तारी के बाद नई गिरफ्तारी पर प्रक्रिया स्पष्ट की है। देश का शीर्ष न्यायालय ने साफ किया कि यह अर्जी तभी दी जा सकती है जब आरोपी को गिरफ्तारी के आधार लिखित रूप में दे दिए जाएं। साथ ही अर्जी पर उस पुलिस अधिकारी के तुरंत ऊपर के अधिकारी की मंजूरी भी होनी चाहिए जिसने पहली बार गिरफ्तारी की थी। जस्टिस भुइयां ने कहा कि क बार जब अनुच्छेद 22(1) का उल्लंघन हो जाता है तो दोबारा गिरफ्तारी का अधिकार उसी अधिकारी की मर्जी पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए जिसने संविधान के प्रावधान का उल्लंघन किया है। इसे न्यायिक तरीके से लागू किया जाना चाहिए। इसलिए कोर्ट ने निर्देश दिया कि मजिस्ट्रेट को इस अर्जी पर जल्द से जल्द फैसला लेना चाहिए और एजेंसी को जांच किसी दूसरे अधिकारी को सौंप देनी चाहिए। जस्टिस भुयन ने कहा कि जब मजिस्ट्रेट इस बात से संतुष्ट हो जाए कि सही वजहों से गिरफ्तारी के आधार शुरू में गिरफ्तार व्यक्ति को नहीं बताए जा सके थे लेकिन बाद में बताए गए और साथ ही इस बात से भी संतुष्ट हो कि आरोपी को दोबारा गिरफ्तार करने की जरूरत है, तभी वह जांच एजेंसी को दोबारा गिरफ्तारी की इजाजत देने का आदेश दे सकता है। बेंच ने मिहिर राजेश शाह बनाम महाराष्ट्र राज्य (2025) मामले के फैसले में तय किए गए सिद्धांतों को विस्तार से समझाया और कहा कि वे दोबारा गिरफ्तारी के मामले में दुरुपयोग को रोकने के लिए और प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय तय कर रहे हैं।कोर्ट ने साफ किया कि अनुच्छेद 22(1) किसी खास कानून तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर तरह की गिरफ्तारी पर लागू होता है, यहां तक कि विशेष कानूनों के तहत होने वाली गिरफ्तारी पर भी।

## दिल्ली के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली,21 सितंबर।** दिल्ली के कम से कम छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार सुबह इन स्कूल प्रशासनों को बम की धमकी वाला ईमेल मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य एजेंसियां सक्रिय हो गईं। स्कूलों को खाली कराया गया। बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड स्कूल परिसरों की जांच कर रहे हैं। धमकी में दिल्ली को खालिस्तान बनाने की बात कही गई है। धमकी भरे इमेल में कथित तौर पर दिल्ली को खालिस्तान बनाने की बात कही गई है। ईमेल में दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। 21 से 29 सितंबर के दौरान दिल्ली आने-जाने वाली ट्रेनों में सफर न करने की सलाह दी गई है। ईमेल में दावा किया गया है कि पंजाब से दिल्ली आने वाली रेलवे पटरियों पर आईईडी ब्लास्ट किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके के संस्कृति स्कूल, द ब्रिटिश स्कूल और नेवी चिल्ड्रन स्कूल समेत चार स्कूलों को सुबह करीब 9:30 बजे धमकी वाला ईमेल मिला। स्कूल प्रशासन ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। इसके बाद सुरक्षा के जरूरी कदम उठाए गए।दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार, उसे बम की धमकी से जुड़े 5 कॉल मिले। सुबह 9.41 बजे से 11.11 बजे के बीच स्कूलों में बम की धमकी से संबंधित पांच कॉल प्राप्त हुए। इनमें से पहला कॉल सुबह 9.41 बजे हौज खास स्थित मदर इंटरनेशनल स्कूल से आया। परिसर में तलाशी अभियान के बाद धमकी झूठी पाई गई। चाणक्यपुरी स्थित नेवी चिल्ड्रन्स स्कूल के संबंध में सुबह 10:34 बजे दूसरी कॉल आई, जबकि तीसरी कॉल सुबह 10:50 बजे रोहिणी के सेक्टर 14 स्थित बाल भारती स्कूल से आई। राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले स्प्रिंगडेल्स स्कूल, सलवान पब्लिक स्कूल और बाल भारती पब्लिक स्कूल तथा करोल बाग पुलिस स्टेशन क्षेत्रांर्गत आने वाले सेंट थॉमस स्कूल और जूनियर्स स्कूल से भी कॉल रिसीव हुईं। कमला मार्केट पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सिविक सेंटर में भी इसी तरह का धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ।सूचना के बाद दमकल की गाड़ियां और कर्मचारी मौके पर भेजे गए। पुलिस की कई टीमें भी स्कूलों में पहुंचीं। बम निरोधक दस्ते, खोजी कुत्तों और अन्य एजेंसियों ने स्कूलों की जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं नजर आया। पुलिस को आशंका है कि ये धमकी भरे ईमेल फर्जी हो सकते हैं।धमकियों का यह सिलसिला नया नहीं है। इसी महीने इसी तरह की कई धमकियां मिल चुकी हैं। 15 सितंबर को सरदार पटेल विद्यालया, द ब्रिटिश स्कूल, एयर फोर्स बाल भारती स्कूल और कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल सहित कई प्रमुख स्कूलों को बम धमाकों की धमकियों वाले ईमेल मिले थे।

## माँ का अपमान बर्दाश्त नहीं: विष्णुदेव साय ने साझा की भावुक कविता

**रायपुर, 21 सितंबर**.मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने माँ के प्रति सम्मान और भारतीय संस्कृति में माँ के सर्वोच्च स्थान को रेखांकित करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावपूर्ण वीडियो साझा किया है। मुख्यमंत्री ने इसके साथ अपनी भावनाओं को कविता की पंक्तियों में अभिव्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में उल्लेख किया है -

"माँ है ममता, माँ है करुणा, माँ जीवन का आधार है,
माँ के चरणों में समर्पित पूरा ये संसार है।
माँ का करे अपमान वो कुपुत्र ही कहलायेगा,
माँ का करे तिरस्कार वो कहीं ठौर न पायेगा।"

मुख्यमंत्री श्री साय ने किसी राजनीतिक व्यक्ति का नाम लिए बिना अपने संदेश के माध्यम से माँ के प्रति सम्मान और मर्यादा बनाए रखने की सीख दी है। उन्होंने यह संदेश ऐसे समय साझा किया है, जब इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में एक कॉमेडी प्रस्तुति को लेकर राजनीतिक विवाद चल रहा है।



उल्लेखनीय है कि इंदौर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में स्टैंड-अप कॉमेडियन पुलकित मणि ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की बोलने की शैली और हाव-भाव की मिमिक्री की थी। प्रस्तुति के एक हिस्से में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भीड़ में मौजूद बुजुर्ग माताजी के लिए कुर्सी उपलब्ध कराने को कहने से जुड़े प्रसंग को भी शामिल किया गया।

इसी घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का माँ की महिमा और सम्मान को समर्पित संदेश सामने आया है। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय माँ के प्रति भारतीय समाज की श्रद्धा, संवेदना और संस्कार को केंद्र में रखा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वर्गीय कवि ओम व्यास की माँ पर केंद्रित प्रसिद्ध काव्य रचना का वीडियो भी साझा किया। माँ के त्याग, ममता, वात्सल्य और संतान के जीवन में उनके अतुलनीय स्थान को अभिव्यक्त करती यह रचना सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय के संदेश का भाव स्पष्ट है कि माँ केवल एक संबंध नहीं, बल्कि ममता, करुणा, त्याग और संस्कार का स्वरूप है। भारतीय संस्कृति में माँ को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और उनका सम्मान सामाजिक एवं सांस्कृतिक मर्यादा का अभिन्न हिस्सा है। वैचारिक अथवा राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन माँ के प्रति सम्मान की मर्यादा सदैव अक्षुण्ण रहनी चाहिए।

मुख्यमंत्री द्वारा साझा की गई पंक्तियां इसी सांस्कृतिक चेतना को अभिव्यक्त करती हैं कि जिस माँ के स्नेह, त्याग और संस्कारों से व्यक्ति का जीवन आकार लेता है, उसका सम्मान प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है।

### कलेक्टर-एसपी ने ली विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक

# विदेशी विद्यार्थियों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

**रायपुर,21 सितंबर।** कलेक्ट्रेट रायपुर में आज कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने जिले में संचालित विभिन्न विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों के कुलपतियों के साथ प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस बैठक में विदेशी विद्यार्थियों के सुरक्षित और सुव्यवस्थित आवास, संस्थानों की जिम्मेदारी, स्थानीय प्रशासन के साथ पुलिस के साथ समन्वय को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि विदेशी विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा और क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विदेशी विद्यार्थी भारत में अध्ययन के लिए आते हैं, इसलिए उनके लिए सुरक्षित, अनुशासित और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बैठक में विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित किया गया कि विदेशी विद्यार्थियों के आवास के साथ आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में जो विदेशी विद्यार्थी विश्वविद्यालय/कॉलेज के छात्रावास से बाहर निजी मकानों, पीजी या अन्य स्थानों पर रह रहे हैं, उन्हें अगले 15 से 30 दिनों के अंदर संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए अथवा संस्थान से संबद्ध सुरक्षित छात्रावास में स्थानांतरित करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में संस्थानों को विद्यार्थियों की सुविधा, सुरक्षा, स्थानीय परिस्थितियों और उपलब्ध आवासीय व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। बैठक में कहा गया कि किसी भी अप्रिय घटना, दुर्घटना या कानून-विरोधी गतिविधि की स्थिति उत्पन्न होने से पहले ही उसके संभावित कारणों की पहचान कर आवश्यक निरोधात्मक कदम उठाए जाएं। प्रशासन और पुलिस को स्थानीय नागरिकों से





समय-समय पर विदेशी विद्यार्थियों से संबंधित शिकायतों के साथ सूचनाएं प्राप्त होती रही हैं। कुछ मामलों में विद्यार्थियों द्वारा अनुशासनहीनता या कानून-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने की आशंका से संबंधित शिकायतें भी सामने आई हैं। इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए संस्थानों को अपने स्तर पर प्रभावी निगरानी, काउंसलिंग और अनुशासन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

यह स्पष्ट किया गया कि किसी भी विद्यार्थी के विरुद्ध केवल उसकी राष्ट्रीयता के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। कानून का उल्लंघन करने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि विभिन्न देशों से आने वाले विद्यार्थियों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि भारत की स्थानीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों से अलग हो सकती है। ऐसे में विश्वविद्यालयों को चाहिए कि विदेशी विद्यार्थियों को भारतीय कानून, स्थानीय सामाजिक व्यवहार, रीति-रिवाज, सार्वजनिक आचरण एवं स्थानीय संवेदनशीलताओं के संबंध में आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करें। साथ ही स्थानीय नागरिकों से भी अपील की गई कि विदेशी विद्यार्थियों के प्रति सहयोगात्मक और संवेदनशील व्यवहार रखें। किसी भी वास्तविक समस्या या कानून-विरोधी गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित विश्वविद्यालय प्रशासन, पुलिस या जिला प्रशासन को दें। सभी विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित किया गया कि उनके संस्थान में अध्ययनरत विदेशी विद्यार्थियों से संबंधित अद्यतन एवं सत्यापित जानकारी संस्थान स्तर पर व्यवस्थित रूप से संधारित करें और आवश्यकतानुसार जिला प्रशासन के साथ साझा करें। इसमें विद्यार्थियों की संख्या, देश, पाठ्यक्रम, संस्थान में प्रवेश की स्थिति, छात्रावास/आवास का विवरण और आवश्यक संपर्क जानकारी सहित प्रासंगिक अभिलेखों को अद्यतन रखने पर जोर दिया गया।

# इंजीनियरिंग उत्कृष्टता से बनेगा तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर भारत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की ओर से शनिवार को भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया की स्मृति में 59वां अभियंता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सतत एवं प्रौद्योगिकीय रूप से संप्रभु भारत के लिए अभियांत्रिकी उत्कृष्टता विषय पर तकनीकी व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीजीआईटी रायपुर के प्राचार्य डॉ. एम. आर. खान थे। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त इंजीनियर-इन-चीफ डी. के. प्रधान तथा सिपेट रायपुर के निदेशक डॉ. आलोक साहू उपस्थित रहे। शुभारंभ केंद्र के मानसेवी सचिव डॉ. अजय त्रिपाठी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। केंद्र के अध्यक्ष इंजी. पुनीत चौबे ने सतत विकास और प्रौद्योगिकीय आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर विचार रखे। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, सेमीकंडक्टर मिशन और ग्रीन हाइड्रोजन मिशन जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए तकनीकी क्षमता विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत, सेमीकंडक्टर मिशन तथा ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत भारत इस दिशा मे दुनिया में तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। इस दौरान राज्य केंद्र के पूर्व अध्यक्षों एवं मानद सचिवों का सम्मान किया गया।



सम्मानित इंजीनियरों में एल. एन. तिवारी, एस. एन. भटनागर, डी. पी. शर्मा, वी. के. कासू और के. के. वर्मा शामिल रहे। सिपेटःआईपीटी रायपुर के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं प्रमुख डॉ. आलोक साहू ने री-इंजीनियरिंग प्लास्टिक्स, हरित एवं संप्रभु भारत के लिए स्मार्ट रीसाइक्लिंग और टिकाऊ सामग्री नवाचार विषय पर व्याख्यान दिया। डी. के. प्रधान ने भवन निर्माण की योजना के प्रारंभिक चरण से ही सततता को शामिल करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने ऊर्जा दक्ष वेंटिलेशन, ग्रे-वाटर पुनः उपयोग, सोलर पैनल, लाइट-ट्यूब तथा माइक्रो-टरबाइन जैसी तकनीकों का उल्लेख किया। मुख्य अतिथि डॉ. एम. आर. खान ने विद्यार्थियों को मजबूत बुनियादी ज्ञान के साथ व्यावहारिक समस्या-समाधान और नवाचार पर ध्यान देने की सलाह दी। कार्यक्रम का समापन काउंसिल सदस्य इंजी. ए. वाय. वी. चेनुलु के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. आर. एस. परिहार, डॉ. श्वेता चौबे, डॉ. एन. बी. सिंह सहित इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के सदस्य, महाविद्यालय के संकाय सदस्य, राज्य शासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### गणेशोत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच की महिला इकाई की ओर से सेक्टर-1 स्थित मानव आश्रम में गणेशोत्सव का भक्तिमय एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन का विशेष आकर्षण समाज की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान रहा। सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान देने वाली कमला शुक्ला, गंगाश्री त्रिपाठी, मनोरमा मिश्रा, सुशीला द्विवेदी, शांति अवस्थी एवं सुशीला दीक्षित को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि वरिष्ठ महिलाओं के योगदान को सम्मानित करना नई पीढ़ी को समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निहारिका मिश्रा ने की। संचालन आत्मजा बाजपेई एवं आराधना तिवारी ने किया। अनुभा तिवारी की भावपूर्ण भजन प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। महिला मंडल द्वारा आयोजित यह गणेशोत्सव धार्मिक आयोजन के साथ-साथ नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने और समाज की वरिष्ठ महिलाओं के योगदान को स्मरण करने का अवसर भी बना।

### गणेशोत्सव में डीएआरबी-26,एसएमएस लिमि. ने पूजा व भंडारा का आयोजन किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 21 सितम्बर।** श्री शक्ति गणेशोउत्सव मंडल DARB 2026 एस एम एस लिमिटेड एवं फैमिली सेलूद के द्वारा 19 सितंबर को सत्यनारायण पूजा एवं बप्पा महाप्रसाद भोग भंडारे का आयोजन किया गया था।जिसमे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बप्पा के पूजन आरती में शामिल हो कर महाप्रसाद ग्रहण कर आनंदित हुए इस अवसर पर डी विश्वनाथन प्रोजेक्ट मैनेजर, आसिफ मुजवार, एच, आर, मैनेजर, नागेन्द्र शर्मा, लोचन यादव एवं सभी अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण किये।



रॉयल स्टूडेंट समिति रामनगर कवर्धा।

### छह वर्ष पुराने प्रस्ताव के बाद भी इंटरसिटी का एकतरफा स्टॉपेज : ताम्रकार

**भिलाई, 21 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस के एकतरफा ठहराव को लेकर रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि छह वर्ष से अधिक समय पहले प्रस्ताव भेजे जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होना विभागीय लापरवाही का उदाहरण है। ताम्रकार ने बताया कि बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस के भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर ठहराव के लिए आईआरटीसी-2020 के तहत कोचिंग प्रस्ताव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मुख्यालय को भेजा जा चुका था।



अजय सिंह ठाकुर सेवानिवृत्त कर्मचारी नगर पालिका कवर्धा के घर में श्री गणेश भगवान की मूर्ति विराजित



**कवर्धा, 21 सितम्बर।** ग्राम पंचायत देवसरा, जनपद पंचायत पंडरिया में आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया

### दशलक्षण महापर्व के छठवें दिन उत्तम संयम धर्म की आराधना

**भिलाई, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नेहरू नगर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व के छठवें दिवस उत्तम संयम धर्म की आराधना की गई। इस अवसर पर डोंगरगढ़ प्रतिभास्थली की दीदियों ने सार संदेश देते हुए कहा कि उत्तम संयम धर्म केवल इंद्रियों को रोकने का नाम नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म को विवेकपूर्ण मर्यादा में रखने की साधना है। विचार, वाणी, व्यवहार, खान-पान, दिनचर्या और प्रकृति के प्रति आचरण सहित जीवन का कोई भी क्षेत्र संयम से अछूता नहीं है। महापर्व के तहत प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य भागचंद इंद्रा, अविनाश, योगिता, विहान एवं अधिरा पाटनी परिवार को तथा द्वितीय शांतिधारा का सौभाग्य अतुल, प्रियंका एवं आदीश परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंदिर के सचिव क्षितिज जैन ने किया। दोपहर से भिलाई के विभिन्न दिगंबर जैन मंदिरों में धूपदान का आयोजन किया गया। श्रावक-श्राविकाओं ने इसे धूप दशमी पर्व के रूप में मनाया। देर शाम तक विभिन्न मंदिरों में धूप अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा।

## एक नजर

### सड़क हादसे में सोमनी निवासी युवक की मौत

**भिलाई-3, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिरसा गेट अंडरब्रिज में सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में बुलेट सवार युवक की मौत हो गई



मृतक की पहचान ग्राम सोमनी निवासी करण वर्मा (20 साल) के रूप में हुई है वह कालेज की पढ़ाई कर रहा था और दो भाइयों में छोटा था हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि मृतक करण वर्मा सोमवार सुबह अपनी बुलेट से भिलाई-3 आया था यहां कुछ खरीदारी करने के बाद वह वापस अपने गांव सोमनी लौट रहा था बताया जा रहा है कि इसी दौरान सिरसा गेट अंडरब्रिज में उसकी बुलेट एक स्कूली बस से टकरा गई टक्कर के बाद करण असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा उसके सिर में गंभीर चोट आई हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। करण के पिता रामकिशन पुरेना स्थित एनएसपीसीएल पावर प्लांट में कार्यरत हैं।

### ब्याज सहित पैसा लौटाने के बाद भी महिला व बेटे से की मारपीट



**भिलाई, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भट्ठी थाना क्षेत्र में एक महिला ने पति के उपचार के लिए 20 हजार रुपए उधार लेने के बाद मूलधन एवं ब्याज चुकाने के बावजूद अतिरिक्त रकम की मांग किए - जाने का आरोप है अतिरिक्त रकम देने में असमर्थता जताने पर प्रार्थिया एवं उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्के एवं डंडे से मारपीट की मामले में पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है भट्ठी टीआई दिलेश्वर चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रार्थिया श्रीमती रेखा ताण्डी निवासी सुपेला - थाना भट्ठी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके पति की तबीयत खराब होने के कारण उपचार के लिए उन्होंने पूजा राव उर्फवेंकट लक्ष्मी राव से 20 हजार रुपए उधार - लिए थे प्रार्थिया के अनुसार उक्त राशि पर साप्ताहिक ब्याज की मांग की जा रही थी। प्रार्थिया द्वारा एकमुश्त राशि देने में असमर्थता व्यक्त किए जाने पर पूजा राव ने उसे उपचार कराने की बात कहकर अपने वाहन से अपने घर ले जाया गया आरोप है कि वहां पूजा राव, चंदन राव एवं प्रवीण शर्मा ने प्रार्थिया एवं उसके पुत्र से गाली-गलौच करते हुए अतिरिक्त रकम की मांग की तथा जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्के एवं डंडे से मारपीट की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर भट्ठी थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी पूजा राव के घर की तलाशी लेने पर प्रार्थिया का एक कोरा चेक एवं दस्तावेज बरामद किए पूछताछ में आरोपियों द्वारा घटना में संलिप्तता स्वीकार किए जाने पर रविवार को तीनों आरोपियों पूजा राव उर्फवेंकट लक्ष्मी राव (42) निवासी सेक्टर-01, सड़क 15, क्वार्टर क्रमांक 10 बी, चंदन राव (25) निवासी सेक्टर-01, सड़क 15, क्वार्टर क्रमांक 10 बी व प्रवीण शर्मा (48) निवासी सेक्टर-01, सड़क 15, क्वार्टर क्रमांक 10 बी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है

### नगरीय निकाय कर्मचारी 1 अक्टूबर को देंगे धरना



**भिलाई, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर 1 अक्टूबर को रायपुर के तूता में प्रस्तावित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में प्रदेश के नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल होंगे। इसकी सूचना स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को दी है। महासंघ के पदाधिकारियों ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव एवं संचालक से भेंट कर 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। साथ ही बीएमएस के बैनर तले 1 अक्टूबर को आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन में नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता की जानकारी दी। महासंघ के अध्यक्ष शरद दुबे एवं महामंत्री अनिल सिंह ने बताया कि धरने में प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी, संविदा एवं प्लेसमेंट कर्मचारी सहित अन्य कर्मचारी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल में सुरेश तिवारी, संजय मिश्रा, अनिल बाजपेयी, विष्णु चंद्राकर, अमरनाथ दुबे, रामवृक्ष यादव, गोपाल सिन्हा, अरुण मिश्रा, रीता चतुर्वेदी, कृष्णा देशमुख, अमित चंद्राकर, विवेक रंगनाथ, संतोष सोनी, शशि यादव, ईश्वर वर्मा, राम अवतार साहू, नवीन साहू एवं विजेंद्र परिहार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हेरोइन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों से 70 ग्राम हेरोइन, सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन, मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक तराजू जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** खुर्सीपार थाने पुलिस ने जोन क्रमांक 03, जीरो स्ट्रीट स्थित मकान में कार्रवाई कर 70.460 ग्राम हेरोइन बरामद की है इस की अनुमानित कीमत 14,09,200 है। वहीं मादक पदार्थ के साथ बिक्री से प्राप्त नगद, सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन, मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक तराजू जब्त की है।

खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जोन क्रमांक 03, जीरो स्ट्रीट, खुर्सीपार, भिलाई स्थित मकान में अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन का विक्रय किया जा रहा है। सूचना से पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी एवं आवश्यक कार्रवाई की पुलिस टीम को देखकर मौके पर उपस्थित महिला ने भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस टीम पकड़ लिया मौके पर उपस्थित अन्य व्यक्तियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ एवं तलाशी कार्रवाई की। तलाशी के दौरान मादक पदार्थ हेरोइन, नगदी रकम, सोने-चांदी के आभूषण एवं बर्तन, मोबाइल फोन तथा इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किए गए। बरामद मादक पदार्थ का कुल



वजन 70.460 ग्राम, इसके अतिरिक्त 2,35,100 रुपए नगदी, सोने के 19 नग आभूषण, चांदी के आभूषण एवं बर्तन, 08 नग मोबाइल फोन तथा इलेक्ट्रॉनिक तराजू जब्त किया है प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों एवं की गई कार्रवाई के आधार पर थाना खुर्सीपार में धारा 8, 21 (ख), 27अ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया प्रकरण में जसबीर कौर उर्फ सोनू (25) निवासी जोन क्रमांक 03, एवीसी झोपड़पट्टी, जीरो स्ट्रीट, खुर्सीपार, नितेश सोनी (32) निवासी हाउसिंग बोर्ड थाना जामुल, तिरकेश निषाद (21) निवासी डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार व दो नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

### पंजीयन नंबरों को दुरुपयोग कर वाहन बेचने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 21 सितम्बर।** भिलाई मोहन नगर थाने पुलिस ने दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो दूसरे के वाहनों के पंजीयन नम्बर का दुरुपयोग कर बिना रजिस्टेशन की गाड़ियों को बेच देते थे पुलिस ने आरोपी दुर्ग सिंधिया नगर निवासी रोहित कुमार कांकरिया और नेहरु नगर भिलाई निवासी अनूप रावलानी को गिरफ्तार किया है मोहन नगर थाने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 336(3), 340(2), 345(3), 347(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की मामले में फरार दो आरोपियों की तलाश की जा रही है मोहन नगर टीआई केशव कोशले ने बताया कि इसी मामले में पूर्व में आरोपी विजय सेन को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था विवेचना के दौरान बिना पंजीयन नंबर वाले वाहन की खरीदी-बिक्री एवं वाहन के पंजीयन नंबर के दुरुपयोग से संबंधित अन्य आरोपियों की भूमिका सामने आई प्रकरण में फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी रोहित कुमार कांकरिया एवं अनूप रावलानी को गिरफ्तार किया गया आरोपी पंजीयन क्रमांक के दुरुपयोग के कारण वास्तविक वाहन स्वामी को ट्रैफिक चालान एवं टोल राशि से संबंधित संदेश प्राप्त हुए थे

# पुलिस की सजगता से टला हादसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** यातायात पुलिस की इंटरसेप्टर पेट्रोलिंग टीम की सजगता से बड़ा हादसा टल गया एक सीएनजी गैस से भरे ट्रक को चालक लहराते हुए ले जा रहा था पेट्रोलिंग टीम ने उसका पीछा कर पकड़ा और जब उसकी ब्रीथ एनॉलाइजर मशीन से माप किया तो वह 410 एमजी धूत नशे में मिला पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफकार्रवाई की ट्रक को जब्त कर कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) कौशलेन्द्र देव पटेल ने बताया कि यातायात पुलिस के इंटरसेप्टर वाहन द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन दिखाई दी जिसमें ज्वलनशील पदार्थ सीएनजी गैस सिलेंडर लोड था चालक वाहन को तेज रफ्तार में असुरक्षित तरीके से लहराते हुए चला रहा था।

पुलिस ने चालक को ट्रक रोकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने पुलिस के निर्देश की अनदेखी की वाहन नहीं रोका और तेज गति से आगे भागने लगा। तब ट्रैफिक एएसआई रेमन साहू, कांस्टेबल अंकित राय, साहिल खान, वरुण



समासदार ने उसका पीछा किया लक्ष्मी पेट्रोल पंप के पास ट्रक को रोककर चालक को पकड़ा गया। इसके बाद चालक को ब्रिथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई, जिसमें चालक 410 एमजी शराब की मात्रा सेवन करना पाया गया ज्वलनशील सामग्री से भारी वाहन को नशे की हालत में तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाना सड़क पर गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता था। चालक के साथ-साथ अन्य वाहन चालकों एवं आम नागरिकों के जीवन के लिए भी खतरा उत्पन्न कर सकता था।

# कॉपर वायर चोरी मामले में दो गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** स्टील प्लांट के जंक्शन 12, कोक ओवन क्षेत्र में कॉपर वायर चोरी के प्रकरण में फरार चल रहे 02 आरोपियों को भट्ठी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार 02 आरोपियों के कब्जे से 160 किलो कॉपर वायर एवं एक स्मार्ट फोन जब्त की गई थी भट्ठी टीआई दिलीश्वर चन्द्रवंशी ने बताया कि के औसुब इकाई बीएसपी भिलाई ने थाना भट्ठी में रिपोर्ट दर्ज कराया था 12 अगस्त की रात्रि लगभग 11 बजे भिलाई स्टील प्लांट के जंक्शन 12, कोक ओवन क्षेत्र की गैलरी से कुछ व्यक्ति कॉपर वायर चोरी कर ले जा रहे थे ड्यूटी पर तैनात टीम द्वारा कुछ आरोपियों को चोरी के सामान सहित पकड़ा गया था रिपोर्ट के आधार पर भट्ठी थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की



विवेचना के दौरान पुलिस टीम ग्राम जोरातराई में दबिश देकर पूर्व में आरोपी घनश्याम मण्डावी सहित 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था प्रकरण की विवेचना के दौरान घटना के बाद से फरार अन्य आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम रविवार को आरोपी निखिल कुमार साहू (20) निवासी ग्राम जोरातराई एवं किशन ठाकुर (22) निवासी ग्राम जोरातराई को हिरासत में लेकर पूछताछ की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने भिलाई स्टील प्लांट में चोरी की घटना में शामिल होना स्वीकार किए जाने पर दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# पारख ज्वेलर्स में लगी आग से लाखों के नुकसान की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 सितम्बर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र में पावर हाउस स्थित जवाहर मार्केट में सोमवार तड़के करीब 3:21 बजे पारख ज्वेलर्स के स्टोर में अचानक आग लग गई आग की सूचना मिलते ही दुर्ग अग्निशमन कार्यालय से एक दमकल टीम को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया आग दुकान के भीतर फैल चुकी थी, जिसके बाद अग्निशमन कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए आग पर काबू पाया पारख ज्वेलर्स के संचालक गजानंद के स्टोर में आग लगने की सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पानी की बौछार शुरू की और करीब एक दमकल वाहन के पानी की मदद से आग को नियंत्रित किया आसपास की दुकानों तक फैलने से रोकी

आग पर समय रहते काबू पा लिए जाने से इसे आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया



गया प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आगजनी की घटना में कई लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, नुकसान का वास्तविक आकलन अभी नहीं किया गया है संकरी गलियों के कारण पहुंचने में हुई परेशानी जवाहर मार्केट की गलियां काफी संकरी और व्यस्त होने के कारण दमकल वाहन को घटनास्थल तक पहुंचाने में अग्निशमन कर्मियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग को नियंत्रित कर लिया आग लगने का कारण अज्ञात फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है आग लगने के कारणों और नुकसान का विस्तृत आकलन किया जा रहा है छावनी थाने मामले जांच कर रही है।

## सेवा संकल्प अभियान में शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शाला में

# भाषण,चित्रकला और नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 21 सितम्बर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (डीआरएस सेजेस) पाटन में प्राचार्य स्टेंसी जॉनसन के मार्गदर्शन में विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले और उपाध्यक्ष निशा सोनी उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, एसएमडीसी सदस्य रेणुका बिजौरा,



भास्कर सावर्णी, एसएमडीसी अध्यक्ष मिलन देवांगन, नगर पंचायत पाटन के एल्डरमैन प्रकाश बिजौरा, पाटन के बीआरसी गुनेश्वर वर्मा तथा सीएसी रोशन देशमुख की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**प्रभावशाली प्रस्तुतियां और नुक्कड़ नाटकः** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नक्सलमुक्त भारत, डिजिटल भारत, विकसित भारत और स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न समसामयिक एवं सामाजिक विषयों पर अत्यंत प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। इसके साथ ही, विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को विशेष रूप से प्रभावित किया और समाज में जनजागरूकता का संदेश दिया।

**चित्रकला प्रदर्शनी और पौधारोपणः** विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रदर्शनी के माध्यम से सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों को अपनी रचनात्मक कला के जरिए जीवंत किया। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## एक नजर

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती जारी




**बलौदबाजार ,21 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। इस दौरान चेकिंग अभियान में थाना हथबंद पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 02 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन दोनों प्रकरणों में वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें दिनांक 16.09.2026 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले पहले प्रकरण में वाहन चालक को ?10,000 तथा दूसरे प्रकरण में वाहन चालक को ?15,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 वाहन चालकों को कुल ?25,000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाते हुए, पकड़े गए इन सभी चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की भी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### सेवा संकल्प अभियानः आयुष्मान कार्ड ने थामा अमृत का हाथ, इलाज की चिंता हुई दूर

**रायपुर , 21 सितंबर।** सेवा का अर्थ केवल सहायता पहुंचाना नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में किसी जरूरतमंद के साथ मजबूती से खड़े होना है। सेवा संकल्प अभियान इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बन रहा है। बलरामपुर जिले के ग्राम जवाहरनगर निवासी 32 वर्षीय श्री अमृत कुमार मण्डल के जीवन में आयुष्मान कार्ड ने इसी सेवा संकल्प को साकार किया। गंभीर दुर्घटना में कलाई की कई हड्डियां टूटने के बाद जब महंगे इलाज की चिंता सामने थी, तब आयुष्मान कार्ड उनके परिवार के लिए उम्मीद और भरोसे का सहारा बन गया। लघु कृषक परिवार के श्री अमृत कुमार अगस्त 2026 में घर के आंगन में चलते समय अचानक फिसलकर गिर गए। हादसे में उनकी कलाई में गंभीर चोट आई। प्रारंभिक उपचार के बाद भी दर्द कम नहीं हुआ, बल्कि उनकी परेशानी बढ़ती गई। इसके बाद रामानुजगंज के संजीवनी हॉस्पिटल में जांच कराई गई, जहां कलाई की कई हड्डियां टूटने की पुष्टि हुई और तत्काल ऑपरेशन की आवश्यकता बताई गई। श्री अमृत कुमार के परिवार के सामने अब दोहरी चुनौती थीकृएक ओर गंभीर चोट और दूसरी ओर इलाज का खर्च। छोटी जोत की खेती से परिवार का भरण-पोषण करने वाले श्री अमृत कुमार के लिए ऑपरेशन का खर्च जुटाना आसान नहीं था। इसी कठिन समय में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना उनके लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उन्हें योजना का लाभ मिला और अस्पताल में उनका सफल ऑपरेशन किया गया। श्री अमृत कुमार के उपचार पर हुए 56 हजार 642 रुपये के पूरे खर्च का वहन योजना के अंतर्गत किया गया। परिवार को इलाज के लिए अपनी जेब से एक भी रुपया खर्च नहीं करना पड़ा। उपचार के बाद श्री अमृत कुमार स्वस्थ होकर अपने गांव लौटे और अब सामान्य जीवन की ओर वापस बढ़ रहे हैं। अपने अनुभव को साझा करते हुए श्री अमृत कुमार ने कहा कि कठिन समय में आयुष्मान कार्ड उनके परिवार के लिए बहुत बड़ा सहारा बना। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना ने न केवल उन्हें समय पर उपचार दिलाया, बल्कि परिवार को आर्थिक परेशानी और कर्ज के बोझ से भी बचाया। श्री अमृत कुमार की यह कहानी सेवा संकल्प अभियान की उस सार्थक तस्वीर को सामने लाती है।

# कौशल्या माता विहार में गणेशोत्सव की धूम, रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**रायपुर 21 सितंबर।** कौशिल्या माता विहार सेक्टर 13 मे कमलेश्वर महादेव शिवालय प्रांगण मे गणेशोत्सव मे जय श्री राम निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के स्टूडेंटों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति किया साथ ही वहां की निवासियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया द्य कविता, क्लासिकल डांस,ब्रेक डांस,सोलो डांस,गीत संगीत और जय श्री राम निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के संस्थापक श्री पन्नालाल सिन्हा ने 500/-की कई नोट बना कर जादू दिखाकर लोगों का मन मोह लिया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री बालमुकुंद शर्मा जी उपस्थित थे द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर सुजीत परिहार जी कर रहे थे द्य कौशल्या माता विहार सेक्टर 13 मे बसाहट होने बाद से यहाँ पर प्रति वर्ष गणेश उत्सव मनाया जाता है यह पाँचवा वर्ष है द्य सभी के लिए भोजन की भी पर्याप्त व्यवस्था श्री प्रकाश साहू जी के द्वारा किया गया था द्य यहाँ पर गणेशोत्सव मे मे सभी 35 प्रतिभागियो को मुख्य अतिथि श्री बालमुकुंद शर्मा जी के द्वारा निश्चित उपहार लिफाफा मे 251/- की रु दिया गया द्य उस अवसर पर कमलेश्वर महादेव समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश साहू सचिव श्री राजेंद्र बोरकर कोषाध्यक्ष श्री विनय गुप्ता सह सचिव श्री नीरज साहू मंदिर निर्माण एवं जय श्री राम निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के संस्थापक पूर्व सैनिक पन्ना लाल सिन्हा जी उपस्थित थे द्य साँथ ही यहाँ के निवासी श्री प्रताप पारेख जी श्री विनोद बाघ, श्री आर पी साहू, पूर्व रेंजर श्री हीरा सिंह ठाकुर जी गौतम साहू जी श्री टी आर साहू जी वात्सल्य जी ईश्वर वर्मा जी रमेश गुप्ता जी किशन साहू जी,संतोष गुप्ता जी आर के माली जी श्रीमती पूर्णिमा साहू जी श्रीमती खिलेश्वरी साहू श्रीमती झांसी साहू जी श्रीमती दुलारी देवी सिन्हा जी श्रीमती प्रियंका गुप्ता जी,जय श्री राम निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के 55 स्टूडेंटस एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे द्य और अंत मे अनंत चतुर्दसी 25 सितंबर को समय 11:00 हवन मे सभी को आने का निमत्रण दिया गया साथ ही भोग भंडारा मे उसी दिन शाम को 04:00बजे श्री गणेश विसर्जन के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने कहा गया द्य आज की कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को सधन्यवाद आभार प्रदर्शन कर कार्यकर्मा को समाप्त किया गया द्य



# जिला प्रशासन ने ऐतिहासिक ग्राम डमरू की पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण की पहल की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 21 सितंबर।** बलौदाबाजार जिले के प्राचीन एवं ऐतिहासिक ग्राम डमरू को पुरातात्विक पहचान दिलाने और इसकी अनमोल धरोहरों के संरक्षण के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को ग्राम डमरू पहुंचकर पुरातात्विक स्थलों और प्राचीन मंदिरों का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पुरातात्विक अवशेषों के सुव्यवस्थित संरक्षण तथा उत्खनन कार्य पुनः शुरू कराने के प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही, ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए शिव मंदिर से मुक्तिधाम तक सड़क निर्माण की तत्काल स्वीकृति प्रदान की।

**मंदिर में दर्शन और अवशेषों का निरीक्षण :** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भ्रमण के दौरान सबसे पहले गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं महामाया मंदिर में माता का दर्शन व पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन शिलाओं तथा पुरातत्व विभाग द्वारा कमरे में सुरक्षित रखे गए पुरातात्विक अवशेषों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने इन बहुमूल्य ऐतिहासिक संपदाओं को सुरक्षित रखने के लिए विभाग को प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

**उत्खनन कार्य पुनः शुरू करने पर जोर :** कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ संस्कृति एवं पुरातत्व संचालनालय द्वारा मंदिर के पास पूर्व में उत्खनित किए गए दो टीलों का भी जायजा लिया। ग्राम डमरू को एक प्रमुख प्राचीन एवं ऐतिहासिक धरोहर के रूप में स्थापित करने के लिए उन्होंने इन टीलों का उत्खनन कार्य पुनः शुरू कराने पर जोर दिया और इस संबंध में आवश्यक विभागीय पहल करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधे बातचीत कर जानकारी ली और उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने शिव मंदिर से मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग न होने की समस्या बताते हुए पक्की सड़क निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों की आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर ने मौके पर ही सड़क निर्माण की स्वीकृति दी और अधिकारियों को इसका प्रक्कलन शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने गांव के मुख्य मुक्ति धाम पर निर्माणाधीन शेड निर्माण का भी जायजा लिया और समय पर निर्माण पूरा करने के निर्देश दिये।

ज्ञातव्य है कि जिला मुख्यालय बलौदाबाजार से करीब 14 किलोमीटर दूर शिवनाथ नदी के तट पर स्थित ग्राम डमरू एक अत्यंत महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल है। यहाँ छत्तीसगढ़ संस्कृति एवं पुरातत्व संचालनालय द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अनुमति से डॉ. शिवकांत बाजपेयी के निर्देशन में वर्ष 2013 से 2015 के दौरान दो टीलों का उत्खनन किया गया। पुरातात्विक खुदाई के दौरान पहली बार भगवान बुद्ध के चरणों का चिन्ह मिला। यह चिन्ह मध्य भारत में पहली बार मिला है।भगवान बुद्ध के पद चिन्ह मिलना इस बात का प्रमाण है कि पहली से पांचवीं सदी के बीच डमरू हीनयान समुदाय का प्रमुख केंद्र रहा होगा। यहां महामाया मंदिर परिसर मे प्रस्तर निर्मित चबूतरे पर शिव मंदिर स्थित है। यह स्मारक पूर्वाभिमुखी है। यह जर्जर स्थिति में था जिसे वर्ष 2012-13 में विभाग द्वारा रिसेटिंग का कार्य कराया गया है। इसमें आमलक नहीं है और इसका गर्भगृह नदी सिर विहीन मंदिर के पीछे एवं जलधारी (योनिपीठ) मंदिर के पास रखे है। इस मंदिर के अतिरिक्त परिसर में दो लघु टीले सामने विद्यमान है। पूर्व में इस स्थल पर उत्खनित त्रिविक्रम, विष्णु, सूर्य, शिव, ब्रम्हा, मय, चामुण्डा, पार्वती, अम्बिका, चवरधारिणी की प्रतिमाएं और कुछ मिथुन प्रतिमाएं शिव मंदिर परिसर में ही नव निर्मित महामाया देवी मंदिर के भित्तीयों मे जड़ी हुई है।यह प्राचीन मंदिर कलचूरीकालीन (काल लगभग 12 शति ईस्वी ) है जो समकालीन वास्तु शिल्प एवं मूर्तिविधा का अच्छा उदाहरण है।यहां पर प्राप्त प्रतिमाएं पुरातत्वीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

## नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की वार्षिक बैठक तिल्दा नेवरा में हुई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा, नेवरा 21 सितंबर।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की वार्षिक बैठक का आयोजन होटल तिल्दा बिस्ट्रो, में किया गया। बैठक की शुरुआत संघ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा के निर्देशानुसार की गई। बैठक में स्वर्गीय प्रमोद जैन को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उन्हें कार्यक्रम का अध्यक्ष बनाया गया तथा उनके योगदान को स्मरण किया गया। बैठक में नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री हरिओम कौशिक ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारियों से आनलाईन संवाद किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ नेटबॉल संगठन के पदाधिकारियों को उनके कार्यकाल एवं खेल के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए बधाई दी। वहीं नेटबॉल फेडरेशन ऑफइंडिया के ऑब्जर्वर के रूप में पवन पटले भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की आगामी गतिविधियों, संगठनात्मक व्यवस्था, जिला इकाइयों की संबद्धता तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।अनिल सिंह ने आगामी राष्ट्रीय खेलों एवं राज्य स्तरीय चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर सभी पदाधिकारियों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों का पालन करते हुए खिलाड़ियों के हित में कार्य करना संघ की प्राथमिकता होनी चाहिए।

**बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी रहे मौजूद :** बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से नेटबॉल संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। इनमें जांजगीर-चांपा, दुर्ग, धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, राजनांदगांव, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, कांकेर, बस्तर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मुंगेली, बलौदाबाजार-भाटापारा, जशपुर, सूरजपुर, कोरबा, बेमेतरा ,बिलासपुर एवं महासमुंद सहित विभिन्न जिला इकाइयों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## उत्तम संयम धर्म एवं सुगंध दशमी का पावन पर्व

**सिमगा 21 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जैन धर्म में उत्तम संयम धर्म दस उत्तम धर्मों में से एक है। इसका अर्थ है– मन, वचन और शरीर को गलत प्रवृत्तियों से रोककर आत्मा को धर्म और सदाचार में लगाना।उत्तम संयम धर्म क्या है?संयम का मतलब है अपनी इन्द्रियों, इच्छाओं और कषायों (क्रोध, मान, माया, लोभ) पर नियंत्रण रखना और किसी जीव को अनावश्यक कष्ट न पहुँचाना। जैन धर्म में संयम के प्रमुख रूप हैंः इन्द्रिय संयम – आँख, कान, नाक, जीभ और त्वचा के विषयों पर नियंत्रण।मन का संयम – बुरे विचारों और इच्छाओं को नियंत्रित करना। वचन संयम – झूठ, कटु और अनावश्यक बोलने से बचना। शरीर का संयम – शरीर से हिंसा या अनुचित कार्य न करना।जीव-दया – सभी जीवों के प्रति अहिंसा और सावधानी रखना।उत्तम संयम का मुख्य उद्देश्य कर्मों के बंधन को रोकना और आत्मा की शुद्धि की ओर बढ़ना है। जैन मुनि-महाराज संयम का बहुत कठोरता से पालन करते हैं, जबकि गृहस्थ भी अपनी क्षमता के अनुसार संयम का पालन कर सकते हैं।आज 1008 श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आदिनाथ भगवान का अभिषेक,शांतिधारा करने का परम सौभाग्य मनीष जैन,सम्यक जैन और समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे।आज के दिन सुगंध दशमी मनाया जाता ह और मन्दिर में धूप खेने का कार्यक्रम किया जाता है।



## ग्राम बुडेरा-खरोरा में जोहार छत्तीसगढ़ कप क्रिकेट प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 21 सितंबर।** खरोरा-ग्राम बुडेरा, खरोरा में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित होने जा रहे ÷जोहार छत्तीसगढ़ कप÷ क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 1 नवंबर तक चलेगी, जबकि 1 नवंबर को भव्य फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार इस प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे छत्तीसगढ़ से खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचेंगे, जिससे यह प्रतियोगिता क्षेत्र की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक बन गई है। प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों का गठन किया गया है तथा 14 ऑनर (मालिक) अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे। क्रिकेट प्रेमियों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह है और खरोरा-बुडेरा सहित आसपास के क्षेत्रों में यह प्रतियोगिता चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु खिलाड़ियों का ऑक्शन कार्यक्रम 20 सितंबर को आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार वर्मा (जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना, रायपुर ग्रामीण) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मिथिलेश साहू थे। वहीं कार्यक्रम को समर्थन देने एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेश साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में योगेश साहू ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि ग्राम बुडेरा में इतने बड़े स्तर पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन लगातार होते रहेंगे और क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के हितों और जनसरोकारों के मुद्दों को लेकर संघर्ष करने वाले नेताओं अमित बघेल, डॉ. अजय यादव एवं दिनेश वर्मा की इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति का पूरे संगठन एवं खेल प्रेमियों को बेसब्री से इंतजार है। उनके आगमन से खिलाड़ियों एवं युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी। आयोजकों ने बताया कि 1 नवंबर को आयोजित होने वाले फाइनल मुकाबले में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल, सहसचिव दिनेश वर्मा तथा छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उनके साथ दोनों संगठनों के प्रदेश एवं जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। आयोजन समिति का कहना है कि खरोरा-बुडेरा के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेशभर के खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित हुई है।

## हिस्ट्रीशीटर आशीष शुक्ला पर स्कूल में घुसकर प्राचार्य से अभद्रता का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 21 सितंबर।** शहर के एक प्रतिष्ठित शासकीय स्कूल की प्रभारी प्राचार्य ने हिस्ट्रीशीटर आशीष शुक्ला सहित चार लोगों पर बिना अनुमति कार्यालय में प्रवेश कर अभद्रता करने, जबरन वीडियो बनाने, नारेबाजी करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। प्राचार्य वंदनी श्रीवास्तव ने सिटी कोतवाली में आवेदन देकर आशीष शुक्ला, आनंद वाकडे, दीपेंद्र शुक्ला और चंद्रकांत वर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई तथा सुरक्षा की मांग की है।

प्राचार्य के अनुसार 17 सितंबर की शाम करीब 4.30 बजे स्कूल में सेवा संकल्प कार्यक्रम की तैयारियां चल रही थीं। वह अपने कार्यालय में विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों के साथ एक शिकायत के संबंध में चर्चा कर रही थीं। इसी दौरान आशीष शुक्ला अपने साथियों के साथ कथित तौर पर कार्यालय का दरवाजा धक्का देकर अंदर आ गया। प्राचार्य का आरोप है कि उन्होंने बाहर जाने के लिए कहा, लेकिन इसके बावजूद वहां मौजूद लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी और वीडियो बनाना जारी रखा।

शिकायत में प्राचार्य ने बताया कि उस समय कार्यालय के आसपास नाबालिग छात्र-छात्राएं मौजूद थे। उन्होंने बाहरी लोगों द्वारा बिना अनुमति वीडियो बनाने का विरोध किया। आरोप है कि मना करने के बावजूद वीडियो बनाया गया। प्राचार्य ने मोबाइल से रिकॉर्डिंग रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इसके बाद उनके खिलाफ नारेबाजी कर सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

प्राचार्य ने शिकायत में आरोप लगाया है कि आशीष शुक्ला और उसके साथियों द्वारा पूर्व में भी स्कूल परिसर में आकर उनके खिलाफ वीडियो बनाए गए और सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार की गतिविधियों के कारण उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है और स्कूल की छवि प्रभावित हो रही है।

प्राचार्य की शिकायत में आशीष शुक्ला के खिलाफ पूर्व में हुई पुलिस कार्रवाई का भी उल्लेख किया गया है। आवेदन के अनुसार सिटी कोतवाली पुलिस ने 7 नवंबर 2025 को उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को इस्तगासा भेजा था। इसमें पुलिस ने उसे आदतन अपराधी प्रवृत्ति का बताते हुए 6 नवंबर 2025 तक उसके खिलाफ चार अपराध दर्ज होने का उल्लेख किया था। शिकायत के अनुसार 19 अगस्त 2026 को भी उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को इस्तगासा भेजा गया है। प्राचार्य ने आरोप लगाया है कि पूर्व में पुलिस स्तर से कार्रवाई की अनुशंसा के बावजूद आशीष शुक्ला की गतिविधियों पर प्रभावी रोक नहीं लगी है। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### बच्चों ने रंगों और शब्दों में रचा अपने सपनों का भारत

**रायपुर, 21 सितंबर।** किसी ने स्वच्छ और सुंदर भारत की तस्वीर कागज पर उतारी तो किसी ने डिजिटल तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से सशक्त भारत का सपना रंगों में सजाया। किसी की कल्पना विकसित भारत-2047 की थी, तो किसी ने महिला सशक्तिकरण, सेना के शौर्य और नक्सल मुक्त भारत को अपनी रचनाओं का विषय बनाया। सेवा संकल्प अभियान के तहत रायगढ़ के पुसौर विकासखंड के स्कूलों में आयोजित मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन में बच्चों ने '''मेरे सपनों का भारत''' विषय पर अपनी कल्पनाओं को चित्रों और शब्दों के जरिए जीवंत कर दिया। प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में आयोजित ड्राइंग, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

# सेवा संकल्प अभियान : पंजीयन शुल्क में मिली राहत बनी बेटी के भविष्य की बचत

■ पायल भट्टर ने रजिस्ट्री में बचाए 1.32 लाख रुपये, बेटी के बचत खाते में जमा की पूरी राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,21 सितंबर।** एक महिला के लिए अपने नाम संपत्ति होना आर्थिक सुरक्षा का आधार बना और पंजीयन शुल्क में मिली बचत ने उसकी बेटी के भविष्य के लिए एक नई उम्मीद जोड़ दी। बलौदाबाजार की पायल भट्टर के लिए संपत्ति की रजिस्ट्री के दौरान मिली 50 प्रतिशत की पंजीयन शुल्क छूट महज आर्थिक राहत नहीं रही, बल्कि यह उनकी बेटी के भविष्य के लिए बचत का अवसर बन गई। पंजीयन शुल्क में छूट से बचे 1 लाख 32 हजार रुपये उन्होंने अपनी बेटी के बचत खाते में जमा कर दिए हैं।

'सेवा संकल्प अभियान' के तहत हितग्राहियों से सीधे संवाद कर योजनाओं एवं नागरिक सुविधाओं के जमीनी प्रभाव को जाना जा रहा है। इसी संवाद के दौरान पायल भट्टर ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि पंजीयन शुल्क में मिली राहत से संपत्ति खरीदने का खर्च कम हुआ और बची राशि को उन्होंने बेटी के भविष्य के लिए सुरक्षित रखने का निर्णय लिया।

पायल भट्टर ने बताया कि महिलाओं के नाम संपत्ति पंजीयन पर मिलने वाली शुल्क छूट से उन्हें 1 लाख 32 हजार रुपये की बचत हुई। उन्होंने इस राशि को खर्च करने के बजाय अपनी बेटी के बचत खाते में जमा करने का निर्णय लिया, ताकि भविष्य में शिक्षा, जरूरत या किसी महत्वपूर्ण अवसर पर यह राशि उसके काम आ सके।

### महिला के नाम संपत्ति, परिवार के भविष्य को भी मजबूती

श्रीमती भट्टर ने महिलाओं के नाम संपत्ति को प्रोत्साहित करने के लिए पंजीयन शुल्क में दी जा रही रियायत को परिवारों के लिए आर्थिक राहत देने वाला निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि अपने नाम संपत्ति होने से महिलाओं में आर्थिक सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना मजबूत होती है। पंजीयन शुल्क में बची राशि को बेटी के नाम सुरक्षित करना उनके लिए इस निर्णय का एक अतिरिक्त लाभ बन गया। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और वित्त एवं पंजीयन मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत पंजीयन शुल्क की छूट

राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के पक्ष में अचल संपत्ति के अंतरण से संबंधित दस्तावेजों पर पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की रियायत दी जा रही है। इसके तहत पंजीयन शुल्क की दर 4 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत की गई है। इस पहल का उद्देश्य संपत्ति स्वामित्व में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ उन्हें प्रत्यक्ष आर्थिक राहत उपलब्ध कराना है।

### सेवा संकल्प अभियान : नीति से लाभ तक, हितग्राहियों से सीधा संवाद

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के विकसित छत्तीसगढ़ के विजन के अनुरूप, वित्त एवं पंजीयन मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में पंजीयन विभाग द्वारा सेवाओं को अधिक सरल, सुगम और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## कलेक्टर के निर्देश पर बुजुर्ग द्वारिका प्रसाद को तत्काल मिला नजर का चश्मा

**बलौदबाजार ,21 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर ग्राम डमरू निवासी द्वारिका प्रसाद को तत्काल नजर का चश्मा उपलब्ध कराया गया। कलेक्टर श्री शर्मा शनिवार को ग्राम डमरू स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने पहुंचे थे। इसी दौरान ग्रामीण बुजुर्ग द्वारिका प्रसाद ने कलेक्टर से आंखों से संबंधित अपनी समस्या साझा करते हुए चश्मे की आवश्यकता बताई। कलेक्टर ने ग्रामीण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश के तत्काल बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्री द्वारिका प्रसाद की आंखों की जांच कर उन्हें नजर का चश्मा उपलब्ध कराया गया। चश्मा मिलने पर द्वारिका प्रसाद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि अपनी समस्या बताने के बाद इतनी जल्दी चश्मा मिल जाने से अब उन्हें दैनिक कार्यों में काफी सुविधा होगी। जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीणों तक सहज और त्वरित रूप से पहुंचाने के साथ ही उनकी समस्याओं के तत्काल निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# पीएम मोदी का भारत व विश्व राजनीति मे विशिष्ट स्थान है

पीएम मोदी एक संघ प्रचारक से पीएम पद तक पहुंचने की यात्रा निरंतर संघर्ष की यात्रा है।उनकी सफलता का एक ही मंत्र है रोज मेहनत,निरंतर मेहनत,अथक मेहनत। वह खुद भी देश व लोककल्याण के लिए सबसे ज्यादा मेहनत करते हैं और नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हैं कि निरंतर मेहनत करके ही भाजपा में एक कार्यकर्ता सीएम से लेकर पीएम बन सकता है।वह खुद इसके उदाहरण है और कई कार्यकर्ताओ को सीएम बनाकर उन्होंने अपने कथन को सही भी साबित किया है। वह कोई भी काम कल से शुरू नहीं करते हैं,वह जिस घड़ी तय करते हैं काम करना है तो वह उसी समय से काम शुरू कर देते हैं,यही वजह है कि वह जिस काम को शुरू करते हैं,वह समय पर पूरा होता है।उनकी एक खासियत यह है कि वह किसी काम को असंभव नहीं मानते है,यही वजह है कि वह जो काम अब तक कोई नहीं कर सका, वह काम करने को चुनते हैं और उस काम को करके भी दिखाते हैं। भाजपा में कई बड़े नेता हुए हैं लेकिन भाजपा के लिए पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना उनके लिए ऐसा लक्ष्य रहा जिसे पाने में वह असफल रहे।यह भाजपा का पहला सपना था जिसे पीएम मोदी ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर पूरा किया। इसके बाद धारा-३७० हटाने को आजादी के बाद से असंभव काम माना जाता था,यह काम पूरा करके दिखाया, राममंदिर बनाने का काम इसी तरह का असंभव काम माना जाता था.यह काम भी पीएम मोदी ने पूरा करके दिखाया कि वह बड़ा काम करने वाले भाजपा के अकेले ऐसे नेता हैं, जिसने अब तक असंभव माने जाने वाले सभी काम को संभव करके दिखाया है। भाजपा के दूसरे नेताओं के लिए एक बार पीएम बनना ही बहुत मुश्किल काम था क्योंकि एक बार पीएम बनने के बाद दूसरी बार पीएम बनना और मुश्किल काम था लेकिन पीएम मोदी ने तीन बार पीएम बनकर साबित किया कि वही भाजपा के ऐसे नेता हैं जो यह काम तीन बार कर चुके हैं।यही नहीं वह पिछले २५ साल से सत्ता के शिखर पर बने हुए है और यह बात उनको भारतीय राजनीति में सबसे विलक्षण बनाती है।कहा जाता है कि सत्ता के शिखर पर पहुंचना जितना मुश्किल है,शिखर पर बने रहना उससे भी मुश्किल होता है।पीएम मोदी सत्ता के शिखर पर पहुंचे है और शिखर पर बने हुए हैं। यह बात भी उनको विलक्षण नेता बनाती है कि वह चाहे सीएम रहे हों या पीएम रहें तो वह चुनाव में हारे नहीं है, वह पिछले २५ साल से अपराजेय हैं। आजादी के बाद देश की राजनीति तय करने का काम कांग्रेस किया करती थी।कांग्रेस मानकर चलती थी भाजपा कभी इस देश में कांग्रेस का विकल्प नहीं हो सकती।कांग्रेस को चुनाव में भाजपा एक बार हरा दे. लेकिन दूसरी बार नहीं हरा सकती।अटल बिहारी वाजपेयी व लालकृष्ण आडवानी ने भाजपा को कांग्रेस का विकल्प बनाया,हराकर भी दिखाया तो उसके बाद भाजपा ने पीएम मोदी के नेतृत्व में कांग्रेस को एक नहीं दो बार नहीं तीन बार हराकर बता दिया कि कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता की राजनीति अब पुरानी बात हो गई है। अब जमाना सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का है और यही अब भारत की राजनीति का मुख्य आधार है।मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की सीमाओं की रक्षा की बात करें तो आज देश के वीर योद्धाओं के हाथ दुश्मन पर कार्रवाई के लिए पूरी आजादी के साथ खुले हुए हैं, जिसकी बानगी देश व दुनिया के लोग नक्सल, आतंकियों, सर्जिकल स्ट्राइक व ऑपरेशन सिंदूर आदि में बखूबी देख चुके हैं, मां भारती के वीर सपूत अब बिना किसी दबाव के आतंकवादियों व नक्सलियों का सफाया करने का कार्य बखूबी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की बड़ी उपलब्धि बड़े पैमाने पर लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाएं, डिजिटल तकनीक और बुनियादी ढांचे का विस्तार रही है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने बैंकिंग व्यवस्था से बाहर रहे लोगों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ने में भूमिका निभाई। स्वच्छ भारत मिशन ने स्वच्छता और शौचालय निर्माण को राष्ट्रीय अभियान का रूप दिया। उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने आवास, कृषि सहायता, स्वास्थ्य और पेयजल जैसे क्षेत्रों को नीति के केंद्र में रखा। इसी दौर में डिजिटल भुगतान और आधार आधारित सेवाओं का विस्तार भी तेजी से हुआ। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों के जरिए विनिर्माण, उद्यमिता, कौशल और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी मोदी सरकार के वर्षों में सड़क, रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों और डिजिटल नेटवर्क के विस्तार पर विशेष जोर रहा। इन परियोजनाओं ने संपर्क और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में भूमिका निभाई है। विदेश नीति के मोर्चे पर मोदी सरकार के दौरान भारत की सक्रियता और वैश्विक प्रभाव दोनों बढ़े। जी-20 और ब्रिक्स जैसे मंचों पर भारत की भूमिका मजबूत हुई, वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर ईरान-इजरायल संघर्ष और अमेरिका के साथ बदलते संबंधों के बीच भारत ने रणनीतिक संतुलन बनाए रखने की कोशिश की। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के दौरान तेल और गैस की आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए ऊर्जा सुरक्षा को भी विदेश नीति की प्राथमिकताओं में रखा गया। आने वाले समय में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का मूल्यांकन केवल उनके कार्यकाल की उपलब्धियों से नहीं, बल्कि इस बात से भी होगा कि उन्होंने भारत की राजनीति, शासन और वैश्विक भूमिका को किस हद तक नई दिशा दी। इतिहास के पन्नों में उनकी विरासत इस सवाल के साथ दर्ज होगी कि उनके नेतृत्व में बदला भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए कितना मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रभावशाली आधार तैयार कर सका।

## राशिफल

**मेष-** मेष राशि वालों के लिए दिन खुशियां लेकर आएगा। रोजगार की तलाश कर रहे जातकों के लिए आज नए अवसर सामने आ सकते हैं। इसके अलावा शाम का कुछ समय अपने पसंदीदा काम में बिताना आपको मानसिक सुकून देगा।

**वृष-** वृष राशि वालों के लिए आज का दिन सुखद रहेगा। परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। नौकरी करने वालों का संतुलित व्यवहार आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा।

**मिथुन-** मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। विवाह के लिए अच्छा प्रस्ताव आपको मिलेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह संभाल पाएंगे। व्यापार में ऊर्जा और उत्साह पूरे दिन आपको सक्रिय बनाए रखेगा।

**कर्क-**कर्क राशि वालों को सम्मान प्राप्त होने से जीवन में अच्छे बदलाव दिखेंगे। जीवनसाथी का स्नेह और सहयोग आपको भावनात्मक रूप से मजबूत महसूस कराएगा। किसी मामले को लेकर चिंता हो सकती है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन आपके लिए काफी उपयोगी साबित होगा।

**सिंह-** संतान की नौकरी या करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर परिवार में खुशी का कारण बनेगी। लेकिन बेवजह की बहस और उलझनों से दूरी बनाए रखना ही समझदारी होगी। हालांकि, अचानक से खर्चे और वाद-विवाद बढ़ सकते हैं।

**कन्या-**कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास और उपलब्धियों से जुड़ा रहेगा। खेलों से जुड़े लोगों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर मिलेगा। हालांकि, आप किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय से पहले अच्छी तरह विचार करना आवश्यक होगा।

**तुला-**तुला राशि वालों के लिए आज का दिन करियर और व्यापार से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण रहेगा। इसके अलावा व्यक्तिगत कामों में निर्णय लेने से आपको बचना होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में वरिष्ठों या अनुभवी लोगों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक-**वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। आपके काम की सराहना हो सकती है और किसी नए अवसर से जुड़ी अच्छी खबर भी मिल सकती है। इससे आपका आत्मविश्वास और बढ़ेगा।

धनु-लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप अपने काम को पूरी एकाग्रता के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे। परिवार के साथ कहीं घूमने की योजना भी बन सकती है।

मकर -विवाहित जातक किसी मांगलिक आयोजन या पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। आज अनुभव और आत्मविश्वास मिलकर आपके लिए नई संभावनाओं के रास्ते खोल सकते हैं। खास बात यह है कि, अपनी क्षमता को और बेहतर बनाने के लिए नई स्किल्स सीखने पर ध्यान देंगे।

कुंभ संतान की उपलब्धियां आपको प्रभावित करेंगी। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। इसके साथ ही अचानक धन प्राप्ति के अच्छे संकेत हैं।

मीन मीन राशि वालों के लिए दिन खास रहेगा और संपत्ति के मामलों में सक्रियता बढ़ सकती है। जीवनसाथी की अपेक्षाओं को समझने और उन्हें पूरा करने से रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज धन और लंबी यात्रा का संयोग बन रहा है।

"सेवा संकल्प अभियान"

# छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा की नई भोर: हुनर, शोध और स्वावलंबन से गढ़ा जा रहा युवाओं का भविष्य

**विष्णु प्रसाद वर्मा,सहायक संचालक**




छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा अब केवल किताबों और कक्षाओं के पारंपरिक दायरे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के लाखों युवाओं के सपनों को नई उड़ान दे रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की मूल भावना को धरातल पर उतारते हुए राज्य सरकार युवाओं को केवल डिग्री देने के बजाय उन्हें आत्मनिर्भर, हुनरमंद और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का अभूतपूर्व कार्य कर रही है।

**सेवा का संकल्प: गुणवत्ता और समावेशी विकास का 'मिशन मोड'-** राज्य सरकार ने 'सेवा का संकल्प' निभाते हुए शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 'छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन' की शुरुआत की है। इस मिशन के तहत महाविद्यालयों के ढांचागत और शैक्षणिक उन्नयन के लिए विशेष बजटीय संबल दिया जा रहा है। पारदर्शी और सख्त मॉनिटरिंग तंत्र यह सुनिश्चित कर रहा है कि सरकारी सहायता का सीधा लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचे। शैक्षणिक गुणवत्ता को शीर्ष पर ले जाने के लिए 3,000 से अधिक छात्र संख्या वाले उत्कृष्ट कॉलेजों को चिन्हित कर 36 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही, अध्यापन व्यवस्था को मजबूती देने के लिए प्राध्यापकों की सीधी भर्ती प्रक्रिया तेज कर दी गई है और उद्योग जगत के व्यावहारिक विशेषज्ञों को 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' के रूप में परिसरों से जोड़ा जा रहा है।

**सेवा आपके द्वार: वनांचल से शहरों तक उच्च शिक्षा की आसान पहुँच-**'सेवा आपके द्वार' की भावना को चरितार्थ करते हुए राज्य के अंतिम छोर पर स्थित आदिवासी और दूरस्थ वनांचल अंचलों में नए महाविद्यालय खोले जा रहे हैं। अब बस्तर और सरगुजा जैसे दूरदराज क्षेत्रों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ रहा है, बल्कि आधुनिक और रोजगारपरक शिक्षा उनके अपने अंचल में ही उपलब्ध हो रही है। चार वर्षीय बी.एड. (ITEP) और बी.पी.एड. जैसे एकीकृत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के नए अवसर तैयार किए जा रहे हैं।

**कहानी बदलाव की: आधुनिक तकनीक और स्वावलंबन से युवाओं का सशक्तीकरण-** यह बदलाव केवल व्यवस्थागत नहीं, बल्कि हर उस युवा की 'कहानी बदलाव की' है जो कल तक केवल पारंपरिक विषयों तक सीमित था। स्वावित्तीय पाठ्यक्रम नीति के तहत अब स्थानीय और वैश्विक मांग के अनुसार युवाओं को तैयार किया जा रहा है।

भविष्य में उपयोगी विभिन्न तकनीकों और कौशल को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), साइबर सिक्योरिटी, वेब डिजाइनिंग जैसे विषयों को प्रमुखता से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी तरह स्थानीय व कृषि-आधारित उद्योग के तहत रेशम कीट पालन, टसर टेक्नोलॉजी, फिशरीज, फूड प्रोसेसिंग, मशरूम कल्टीवेशन, फ्लोरीकल्चर और हर्बल कल्टीवेशन की शिक्षा युवाओ को आर्थिक रूप से मजबूत करेंगे। इन व्यावहारिक विषयों के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों और उद्योग जगत के साथ MoU किए गए हैं, जिससे युवाओं को सीधी इंटर्नशिप, व्यावहारिक अनुभव और कैंपस प्लेसमेंट की सुविधा मिल रही है। रिसर्च, कौशल विकास, उद्योग समन्वय और वनांचल तक शिक्षा के विस्तार के इस संगम से छत्तीसगढ़ तेजी से देश के अग्रणी 'एजुकेशन हब' के रूप में स्थापित हो रहा है।

# हर बच्चे को अवसर, हर सपनों को उड़ान: विकसित भारत का संकल्प

**ओम प्रकाश डहरिया, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी**

किसी बच्चे की आंखों में देखें तो वहां केवल बचपन नहीं दिखाई देगा, बल्कि वहां आने वाले भारत की तस्वीर दिखाई देगी। किसी की आंखों में अंतरिक्ष तक पहुंचने का सपना है, कोई डॉक्टर बनकर गांव के लोगों की सेवा करना चाहता है, कोई वैज्ञानिक बनकर नई खोज करना चाहता है, तो कोई अपने गांव में ऐसा काम करना चाहता है जिससे उसके साथ दूसरे लोगों को भी रोजगार का अवसर मिले और भविष्य सुनिश्चित हो सके। वहीं किसी बच्चे का सपना खेल के मैदान से जुड़ा है तो किसी का खेत, तकनीक, शिक्षा, कला या उद्यमिता से। भारत के करोड़ों बच्चों की आंखों में पल रहे यही अनगिनत सपने मिलकर वर्ष 2047 के विकसित भारत की नींव रख रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और राष्ट्रनिर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' की दूसरी पहल '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत' इसी भविष्य को समझने और उसे आकार देने का संकल्प है। यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि उस पीढ़ी के प्रति विश्वास का संदेश है, जो वर्ष 2047 में विकसित भारत की जिम्मेदारी संभालेगी। आज जो बच्चे स्कूलों में पढ़ रहे हैं, वही कल भारत के वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर, शिक्षक, सैनिक, खिलाड़ी, उद्यमी, शोधकर्ता और नीति-निर्माता होंगे।

विकसित भारत की यात्रा की शुरुआत इसलिए स्कूल की कक्षा से होती है। एक बच्चे के हाथ में किताब होती है, लेकिन उसी किताब के पन्नों में उसके भविष्य की पूरी दुनिया छिपी होती है। शिक्षा को केवल परीक्षा और डिग्री तक सीमित रखने के बजाय बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता, कौशल, तकनीकी समझ और नवाचार की भावना विकसित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयास आने वाले भारत की तस्वीर बदल रहे हैं। पीएम श्री स्कूल इसी बदलती सोच का उदाहरण हैं, जहां विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ प्रयोग, खेल, कला, तकनीक और अनुभव के माध्यम से सीखने का वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन भारत के सपनों की असली ताकत तब सामने आएगी, जब विकास की रोशनी उन बच्चों तक भी पहुंचेगी, जिनके घर दूरस्थ गांवों, पहाड़ी क्षेत्रों और वनांचलों में हैं। छत्तीसगढ़ जैसे जनजातीय बहुल राज्य में यह जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एकलव्य आवासीय विद्यालयों ने जनजातीय समाज के अनेक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए अवसर दिए हैं। जिन बच्चों के लिए कभी बड़े शहरों में जाकर पढ़ाई करना दूर का सपना था, उनके लिए आवासीय विद्यालय शिक्षा और बेहतर भविष्य की नई राह बन रहे हैं। इन विद्यालयों की कक्षाओं में बैठा कोई बच्चा जब पहली बार बड़े लक्ष्य के बारे में सोचता है, तो उसके साथ केवल उसका अपना सपना नहीं होता। उसके पीछे माता-पिता की उम्मीदें होती हैं, परिवार की वर्षों पुरानी आकांक्षाएं होती हैं और पूरे समाज की बदलती तस्वीर होती है। एक बच्चे की सफलता उसके परिवार को यह विश्वास देती है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, प्रतिभा को अवसर मिले तो मंजिल हासिल की जा सकती है।




छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रयास आवासीय विद्यालय भी विद्यार्थियों के सपनों को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। स्कूली शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर और दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों के सामने उच्च शिक्षा के नए रास्ते खुल रहे हैं। जेईई, नीट, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन और तैयारी का वातावरण इन विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने का आत्मविश्वास देता है। यह बदलाव केवल शिक्षा व्यवस्था का परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह उस सोच का विस्तार है जिसमें बच्चे की प्रतिभा को उसके गांव, परिवार या आर्थिक स्थिति से नहीं, बल्कि उसकी क्षमता और मेहनत से पहचाना जाता है।

वर्ष 2047 के भारत की तस्वीर केवल ऊंची इमारतों, आधुनिक शहरों और नई तकनीकों से नहीं बनेगी। उसकी असली पहचान उस बच्चे के आत्मविश्वास से होगी, जो कह सके कि मैं अपने सपने को पूरा कर सकता हूं। विकसित भारत का अर्थ तब और व्यापक होगा, जब देश का युवा रोजगार की तलाश करने के साथ रोजगार पैदा करने की क्षमता भी रखेगा। शिक्षा के साथ कौशल, नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता युवाओं को अपने पैरों पर खड़े होने और दूसरों के लिए भी अवसर पैदा करने की शक्ति देगी। आज का विद्यार्थी कल का केवल नौकरी तलाशने वाला युवा नहीं, बल्कि नया विचार देने वाला शोधकर्ता, नई तकनीक बनाने वाला नवाचारी, अपना व्यवसाय खड़ा करने वाला उद्यमी और समाज की समस्याओं का समाधान खोजने वाला परिवर्तनकारी नागरिक बन सकता है। यही वह सोच है जो विकसित भारत के संकल्प को व्यापक अर्थ देती है।

'25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत' इसलिए केवल बच्चों के भविष्य की बात नहीं करता, यह पूरे देश के भविष्य की बात करता है। आज किसी स्कूल की प्रयोगशाला में प्रयोग करता बच्चा, किसी एकलव्य विद्यालय में पढ़ता जनजातीय विद्यार्थी, प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता युवा और अपने गांव में भविष्य का कोई नया रास्ता तलाशता विद्यार्थी-ये सभी 2047 के भारत की बदलती तस्वीर के गवाह होंगे।

इन बच्चों के सपनों को अवसर देना ही राष्ट्रनिर्माण की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है। क्योंकि किसी देश की वास्तविक शक्ति उसके संसाधनों में नहीं, उसकी नई पीढ़ी की कल्पनाशक्ति और सामर्थ्य में होती है। जब करोड़ों बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी, उनके भीतर सवाल पूछने की हिम्मत होगी, प्रयोग करने की स्वतंत्रता होगी और आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे, तब भारत की विकास यात्रा और अधिक मजबूत होगी।

वर्ष 2047 का विकसित भारत आज से ही बनना शुरू हो चुका है। उसकी नींव आज की कक्षाओं में रखी जा रही है, उसकी उम्मीदें बच्चों की आंखों में पल रही हैं और उसकी दिशा युवाओं के सपनों से तय होगी। इसलिए जरूरी है कि देश का कोई बच्चा अवसर के अभाव में अपने सपने को छोटा न करे। उसके सपनों की उड़ान जितनी ऊंची हो, भारत का आकाश उतना ही खुला हो।

क्योंकि 25 करोड़ बच्चों के सपने केवल 25 करोड़ व्यक्तिगत सपने नहीं हैं। ये 25 करोड़ संभावनाएं हैं, 25 करोड़ नई दिशाएं हैं और 25 करोड़ ऐसे भविष्य हैं, जिनसे मिलकर भारत का नया अध्याय लिखा जाएगा। जब इन सपनों को शिक्षा, अवसर, कौशल और सही दिशा का सहारा मिलेगा, तब वर्ष 2047 का विकसित भारत केवल एक लक्ष्य नहीं रहेगा, बल्कि करोड़ों बच्चों की आंखों में दिखाई देने वाला साकार सपना होगा। यही 'सेवा संकल्प अभियान' बच्चों के सपनों के भारत का वास्तविक भाव है।

## सू- दोकू क्र.167

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.166 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -167

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 166 का हल**



# टीईटी अध्यादेश, पुरानी पेंशन और वेतन विसंगति को लेकर शिक्षक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

■ पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने ज्ञापन पर लिया संज्ञान, प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा प्रस्ताव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 21 सितंबर।** टीईटी अध्यादेश, पुरानी पेंशन योजना और वेतन विसंगति सहित विभिन्न मांगों को लेकर बीजापुर जिले के शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष महेश गागड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट तथा भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग को ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संगठनों का दावा है कि जिले के विभिन्न शिक्षक संगठन इस मुद्दे पर एकजुट होकर आगे की रणनीति तैयार कर रहे हैं।

सर्व शिक्षक संघ के सह-संचालक कैलाश रामटेके ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने टीईटी को लेकर अध्यादेश लाने की मांग प्रमुखता से रखी। उनके अनुसार पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद ज्ञापन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रेषित किया। साथ ही शिक्षक संगठनों से प्रदेश के सभी सांसदों के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम पत्र भेजने की अपील की गई।

2010 से टीईटी प्रावधान लागू करने की मांग

शिक्षक संगठनों ने मांग की है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम वर्ष 2010 से लागू होने के मद्देनजर टीईटी से संबंधित प्रावधान भी उसी समय से लागू किया जाए। ज्ञापन में छत्तीसगढ़ में राजपत्र जारी होने की तिथि अथवा संबंधित राज्यों में राजपत्र लागू होने की तिथि से प्रावधान लागू करने की मांग का भी उल्लेख किया गया है। संघ का कहना है कि यह विषय देशभर के करीब 25 लाख शिक्षकों और उनके परिवारों से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा पुरानी पेंशन योजना लागू करने, पदोन्नति तथा वेतन विसंगति दूर करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई है।

सर्व शिक्षक संघ ने प्रदेश के शिक्षक संगठनों से अपील की है कि विभागीय टीईटी के मुद्दे के बजाय टीईटी अध्यादेश की मांग को लेकर सभी सांसदों को ज्ञापन सौंपने का अभियान चलाया जाए। संघ का कहना है कि सभी संगठन एकजुट होकर मांग उठाएंगे तो सरकार तक शिक्षकों की बात मजबूती से पहुंचेगी। संघ ने शिक्षक एकता को आंदोलन की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

ज्ञापन सौंपने वालों में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ से मो. जाकिर खान, जगबंधु मांझी, सहायक शिक्षक फेडरेशन से राजेश मिश्रा, मोहसिन खान, ओनेश्वर झाड़ी, समैया कावरे, भूपत नक्का, नागेश गुरला, लछिन्दर हेमला, दिनेश कोलमुल सहित छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ से प्रहलाद जैन, वसीम खान, विजय चापड़ी, योगेश वासम, महादेव चापा, संजय चितुर, महेंद्र काशी, अरुण सिंह और मनोज कावटी मौजूद रहे। महिला पदाधिकारियों में कमल रंजीता, उर्मिला लकड़ा, संगीता पुजारी और सरस्वती नुरेटी सहित अन्य उपस्थित थीं।

## एक नजर

### 50 हजार का बिजली बिल आने पर परेशान महिला ने विधायक से लगाई गुहार

**बीजापुर, 21 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में कथित तौर पर भारी बढ़ोतरी से बीजापुर जिले के ग्रामीण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। जिला मुख्यालय के साथ भोपालपटनम, भैरमगढ़ और आवापल्ली क्षेत्र से भी बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं की नाराजगी सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन घरों में पहले दो से तीन सौ रुपये तक बिजली बिल आता था, वहां अब हजारों रुपये की राशि के बिल पहुंच रहे हैं। आवापल्ली निवासी चमप्पा गुलधर के घरेलू बिजली कनेक्शन का बिल करीब 50 हजार रुपये आने का मामला सामने आया है। महिला का कहना है कि उसके घर में बिजली की खपत बढ़ाने वाला कोई बड़ा उपकरण भी नहीं है, इसके बावजूद इतनी बड़ी राशि का बिल जारी किया गया। महिला के अनुसार उसने बिल की राशि में से करीब 30 हजार रुपये जमा भी कर दिए, लेकिन इसके बावजूद उसका बिजली कनेक्शन काट दिया गया। बढ़े हुए बिजली बिल की समस्या को लेकर चमप्पा गुलधर ने विधायक विक्रम शाह मंडावी से मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई। मामले को विधायक ने गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से फोन पर चर्चा की। बताया गया कि विधायक ने अधिकारियों को संबंधित स्मार्ट मीटर की तकनीकी जांच कराने, वास्तविक मीटर रीडिंग और बिजली खपत का परीक्षण करने तथा जांच के आधार पर संशोधित बिल जारी करने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर से वास्तविक बिजली खपत के आधार पर बिलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन यदि कहीं तकनीकी गड़बड़ी या रीडिंग संबंधी समस्या है तो विभाग को शिकायतों की जांच कर उपभोक्ताओं को राहत देनी चाहिए। अब आवापल्ली की महिला के मामले में विभागीय जांच और संशोधित बिल जारी होने का इंतजार है।

### समाज के सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी का किया गया सम्मान



**कांकेर 21 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तहसील साहू संघ कांकेर द्वारा सेवा निवृत् अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान किया गया।आज तहसील की मासिक बैठक उपरांत समाज के स्वजन बंधुओं द्वारा विभिन्न विभागों में निर्विवाद सफ्लता पूर्वक निर्वहन कर सेवानिवृत् हुए बन्धु जनों को सम्मान किया गया। समाज के गौरव सेवानिवृत् अधिकारी/कर्मचारी - श्रीमान् स्वरूप सोनेवरा जी ,श्रवण साहू ,गोपाल साहू ,तुलसीराम साहू, रामरतन साहू रामकुमार साहू, गन्नूराम साहू, चेतराम साहू,श्रवण साहू, हरप्रसाद साहू, मिलाप अट्ठभैया, गौतम साहू, लोकेशकुमार साहू, हेमुराम साहू एंव देवलाल गंजीर इत्यादि महानुभवों का सम्मान किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री लक्ष्मीकान्त साहू ने कहा ष्समाज में वरिष्ठों का सम्मान करना सबसे बडा संस्कार है, इसके बिना सामाजिक कार्य अधुरा हैष्, श्री द्वारिका प्रसाद साहू तहसील अध्यक्ष साहू संघ कांकेर की ओर से सुखमय, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना किया गया. इस सुअवसर पर संरक्षक श्री के.आर गजबल्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त साहू, दिनेश कुमार साहू, नन्दकुमार अटभैया, तहसील सचिव प्रकाश साहू, बिसंबर साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला साहू, राजकुमार साहू, रोशन साहू, जय किशन साहू ,ओमप्रकाश साहू, कोमल साहू, अलौकिक हिरवानी, सुरेन्द्र साहू, कमलेश साहू, खेम नारायण गंजीर, संयोग साहू, सरोज साहू, सुरेश साहू, श्रवण साहू आदि सभी सामाजिक जन उपस्थित रहे।

### श्रीजगन्नाथ मंदिर में माता राधारानी का सोलह श्रृंगार कर विशेष पूजा की गई

**जगदलपुर, 21 सितंबर।** रियासत कालीन श्रीजगन्नाथ मंदिर जगदलपुर में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के द्वार राधाष्टमी के पावन अवसर पर महालक्ष्मी मंदिर में माता राधारानी के पूर्ण स्वरूप के रूप में विशेष पूजा-अर्चना एवं सोलह श्रृंगार किया गया। महालक्ष्मी मंदिर खंड़ के पुजारी शुभांसु पाढ़ी ने बताया कि परंपरानुसार राधाष्टमी तिथि पर श्रीजगन्नाथ मंदिर में विराजमान महालक्ष्मीजी को राधारानी के पूर्ण स्वरूप के रूप में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस अवसर पर माता राधारानी का विशेष सोलह श्रृंगार कर विधि-विधान से आरती, पूजन एवं कुमकुम पूजन संपन्न किया गया।

# विधर्मी हो चुकी जीवित पुत्री का नाराज पिता ने कर दिया पिंडदान

■ मामला लव जिहाद का, पिता के कदम की समाज ने की सराहना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**जगदलपुर, 20 सितंबर ।** धरमपुरा क्रमांक 3 निवासी सुजान दत्ता पिता जितेंद्र दत्ता ने उनकी जीवित पुत्री सिमरन दत्ता का शास्त्रीय विधि विधान से पिंडदान कर दिया । दरअसल वे अपनी पुत्री के विधर्मी युवक से विवाह करने को लेकर नाराज है। उन्होंने जीते जी पुत्री का आजीवन परित्याग कर देने की सार्वजनिक घोषणा पत्र भी जारी की है। निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति समाज बस्तर संभाग एवं बंगाली समाज ने उनके इस कदम की सराहना करते हुए कहा है कि इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा और अपनी धर्म और संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता बनी रहेगी।

दरअसल कुछ दिनों पूर्व उनकी पुत्री सिमरन दत्ता ने मुस्लिम युवक के बहकावे में आकर उससे विवाह कर धर्म परिवर्तन कर लिया है । तमाम समझाइश के बावजूद युवति ने अपने परिवार व समाज वालों के उम्मीद पर पानी फेर दिया। यह भी कहा गया है कि यह मामला लव जिहाद से जुड़ा हुआ है। सिमरन के इस कदम से बुरी तरह आहत परिवार ने 20 सितंबर को धार्मिक व सामाजिक परंपरा के अनुसार उसका पिंडदान कर आजीवन संबंध समाप्त करने की घोषणा कर दी है। अपने निवास में सुजोन दत्ता ने अपना सिर मुंडवा कर पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ पिंडदान किया । वहीं पश्चाताप भी किया। उन्होंने इस संबंध में पुत्री से परिवार के आजीवंत संबंध विच्छेद संबंधी घोषणा भी सार्वजनिक की है।

**समाज ने की सराहना**

पिंडदान के अवसर पर रविवार को निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति समाज बस्तर संभाग के अध्यक्ष जीवानंद हालदार समेत अन्य पदाधिकारी परिवार के बीच पहुंचे । उन्हें सांत्वना दी । साथ ही इस कदम के लिए परिवार की सराहना भी की । समाज का कहना है कि मौजूदा समय में चल रहे लव जिहाद जैसे घातक षड्यंत्र से समाज की बहन बेटियों को बचाना आवश्यक है। ऐसे में किसी पिता द्वारा अपने कलेजे में पत्थर रखकर पुत्री का परित्याग कर देना समाज के लिए सकारात्मक संदेश देता है। समाज ने यह भी संदेश दिया है कि अपनी जीवन शैली परंपरा व संस्कृति की जड़ों से जुड़े रहने सभी समाज सदस्यों को अपने बच्चों को संस्कार दिए जाने की आवश्यकता है।

### 2 अक्टूबर से शिक्षकों का सत्याग्रह आंदोलन

**जगदलपुर, 21 सितंबर।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने 1998-99 से नियुक्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों की सेवा गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से करने और पुरानी पेंशन सहित सभी सकल लाभ देने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संघ ने गांधी जयंती (2 अक्टूबर) के अवसर पर रायपुर के तूता मैदान में एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन करने की घोषणा की है। दावा है कि इस आंदोलन में प्रदेशभर से लगभग 3,000 शिक्षक शामिल होंगे। प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना: संघ की मुख्य मांग है कि 1998-99 से 2004 के पूर्व नियुक्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों की सेवा की गणना 2018 (शासकीयकरण की तिथि) के बजाय उनकी मूल नियुक्ति तिथि से की जाए। पुरानी पेंशन का लाभ: नियुक्ति तिथि से सेवा गणना के आधार पर पुरानी पेंशन योजना और उससे जुड़े सभी सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान किए जाएं। नियुक्ति एवं शासकीयकरण का क्रम: संघ के अनुसार, 1998-99 में शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षा विभाग द्वारा आवंटित पेंशन योग्य पदों पर हुई थी। वर्ष 2001 में उनका नियमितीकरण हुआ और वर्ष 2018 में स्कूल शिक्षा विभाग में शासकीयकरण किया गया। सेवा अवधि शून्य मानने का विरोध: वर्तमान में 2018 से पूर्व की सेवा अवधि को शून्य मानकर गणना की जा रही है, जिससे सेवानिवृत्त हो चुके कई शिक्षकों को पेंशन व अन्य वित्तीय लाभों से वंचित होना पड़ रहा है और वे आर्थिक तंगी झेल रहे हैं। कानूनी और नीतिगत आधार।

## भैरमगढ़ के जंगल में नक्सलियों के एके-47 समेत हथियारों का जखीरा मिला



■ आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई, बड़ी मात्रा में जिंदा कारतूस भी बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 21 सितंबर।** जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम उतला के जंगल में जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए नक्सली डंप को पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिली महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर की गई। पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल) अमन झा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। एसडीओपी भैरमगढ़ नवीन एक्का की ब्रीफिंग के बाद डीआरजी और भैरमगढ़ थाना पुलिस की टीम ग्राम उतला के जंगल की ओर रवाना हुई। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए जवानों ने जमीन में गाड़कर छिपाए गए डंप को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला।

पुलिस के अनुसार बरामद डंप से एक,च्-47 रायफल, एक .315 बोर रायफल, एक सिंगल शॉट रायफल और एक 9 एमएम पिस्टल मिली है। इसके अलावा दो AK-47 मैगजीन भी बरामद की गई हैं। जवानों को डंप से 45 ,च्-47 जिंदा राउंड, 25 नग 9 एमएम जिंदा राउंड और .315 बोर रायफल के 6 जिंदा राउंड भी मिले हैं।

**आत्मसमर्पित नक्सलियों की सूचना पर कार्रवाई :** पुलिस के मुताबिक आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों पर लगातार निगरानी रखते हुए उनसे पूछताछ की जा रही है। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर उतला के जंगल में छिपाए गए हथियारों के डंप का पता चला। पुलिस का कहना है कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। बरामद हथियार एवं अन्य सामग्री को भैरमगढ़ थाने लाकर विधि अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### स्मृति कप फुटबॉल टूर्नामेंट का भोपालपटनम बना विजेता



**बीजापुर, 21 सितंबर।** आवापल्ली में स्टार्स फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित स्मृति कप फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भोपालपटनम और आवापल्ली की टीम आमने-सामने रहीं, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए भोपालपटनम की टीम ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। आवापल्ली की टीम उपविजेता रही। विजेता भोपालपटनम की टीम को पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की ओर से 40 हजार रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता आवापल्ली की टीम को जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी एवं जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा तेलम की ओर से 20 हजार रुपये नगद पुरस्कार दिया गया। समापन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए महेश गागड़ा ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री फूलचंद गागड़ा, उसूर मंडल अध्यक्ष तीरथ जुमार, अशोक राव, जनपद उपाध्यक्ष तिरुपति पुनेम, एर्रन्ना अनमुल, हरे कृष्ण मुंड, सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मेहनत और समूह से जुड़ाव ने बदली मीनाक्षी की जिंदगी,बनीं लखपति दीदी

■ सब्जी उत्पादन, धान की खेती और बकरी पालन से बढ़ी आय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 21 सितंबर।** ग्राम बोरजे की मीनाक्षी अंगनपल्ली ने मेहनत और स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति में बदलाव किया है। आज वह लखपति दीदी के रूप में गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। मीनाक्षी वर्ष 2016 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ीं और 20 जून 2016 को दुर्गा स्व-सहायता समूह की सदस्य बनीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने बचत, ऋण प्रबंधन और आजीविका गतिविधियों का प्रशिक्षण लिया।



समूह के माध्यम से उन्हें आरएफ से 10 हजार और सीआईएफ से 50 हजार रुपये की सहायता मिली। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने सब्जी उत्पादन, धान की खेती और बकरी पालन को अपनी आजीविका का आधार बनाया। उद्यानिकी विभाग की योजना के तहत उन्हें बैंगन के 250 पौधे मिले। उन्होंने बैंगन के साथ गोभी, टमाटर और मिर्च की खेती भी की। मेहनत और बेहतर प्रबंधन से सब्जी उत्पादन बढ़ा और बाजार से होने वाली आय में भी इजाफा हुआ। वर्तमान में मीनाक्षी की वार्षिक आय लगभग 1.10 लाख से 1.20 लाख रुपये तक पहुंच गई है। इससे वह परिवार की जरूरतें पूरी करने के साथ बचत भी कर रही हैं। मीनाक्षी का कहना है कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आर्थिक सहयोग के साथ आगे बढ़ने का अवसर और आत्मविश्वास मिला। उनकी सफलता से गांव की अन्य महिलाएं भी समूहों से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित हो रही हैं।

## महार समाज महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनी सत्या गाँधरला



■ अंबेडकर भवन में आयोजित बैठक में वरिष्ठ सदस्यों, संरक्षकों और महिला संगठन की रही सहभागिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 21 सितंबर।** जिला मुख्यालय के अंबेडकर भवन में महार समाज जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों, संरक्षकों और महिला संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सामाजिक गतिविधियों और संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में महिला मोर्चा, जिला बीजापुर का गठन किया गया है। जिनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। बैठक में सत्या गाँधरला को सर्वसम्मति से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही उपाध्यक्ष राधा जुमडे, रमा मोरला, रामदया मरकेला, पाटनकर सम्मका को बनाया गया है। सचिव के रूप में लक्ष्मी वैद्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक में आपसी सहमति से समाज में नई जिम्मेदारियां सौंपने का निर्णय लिया गया। इस दौरान महिला संगठन की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए संगठनात्मक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। नई जिम्मेदारी मिलने पर समाज के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में एकजुटता बढ़ाने, सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने और युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# डीईओ ने ब्लाक उसूर के स्कूलों की शैक्षणिक गतिविधियों, जरूरी इंतजाम का जायजा लिया

■ नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर, मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 21 सितंबर।** जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने विकासखंड उसूर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का सघन निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की नियमितता, कक्षा संचालन, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, मध्यान्ह भोजन, विद्यालय परिसर की स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने दक्ष बीजापुर एवं अबेकस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी जोर दिया। डीईओ ने हायर सेकेंडरी स्कूल मोदकपाल, माध्यमिक शाला संकनपल्ली, प्राथमिक शाला चिंतनपाल, जनपद प्राथमिक शाला संकनपल्ली, जनपद प्राथमिक शाला एंगपल्ली, प्राथमिक शाला मुंजाल कांकेर तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय इलमिडी का निरीक्षण किया। इस दौरान संस्था प्रमुखों और शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालयों में अनुशासन, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं एवं निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना और उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। इसके लिए शिक्षकों, संस्था प्रमुखों और शिक्षा विभाग को मिलकर निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है।

## बीजापुर से चेरला जा रही यात्री बस गुंडम में पलटी,16 घायल

**बीजापुर, 21 सितंबर।** बीजापुर से तेलंगाना के चेरला जा रही एक यात्री बस रविवार को गुंडम गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में तैनात सीआरपीएफ जवान तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। जवानों ने बस में फंसे घायलों को बाहर निकालने और उन्हें उपचार के लिए भेजने में मदद की। वहीं तरेम थाना पुलिस की टीम भी घटनास्थल के लिए रवाना हुई।जानकारी के अनुसार, घायलों में से 13 यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर भेजा जा रहा है, जबकि तीन घायलों का बासागुड़ा में उपचार जारी है। फिलहाल बस के अनियंत्रित होकर पलटने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। सड़क की स्थिति, वाहन की गति या किसी अन्य वजह से दुर्घटना हुई, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। दुर्गम एवं संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण हादसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य में सुरक्षा बलों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



### चाकूबाजी में एक युवक की मौत

**जगदलपुर, 21 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र अंर्तगत नया बस स्टैंड के पास बीती रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर तत्काल कार्यवाही करते हुए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज एवं प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के आधार पर मामले में फरार आरोपी को पकड़ लिया है। जांच में पता चला कि आरोपी नाबालिग है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात्री 09 बजे गंगामुंडा इलाके में रहने वाले दो युवक कैलाश गुप्ता पिता शिवशंकर गुप्ता को उसके घर से बुलाकर नया बस स्टैंड की ओर ले गए थे। दोनों उसे शराब दुकान के पास लेकर पहुंचे, वहां किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कहासुनी के दौरान दोनों युवकों ने चाकू निकाल लिया और कैलाश पर हमला कर दिया।

# जनता ने जो भरोसा किया है, उस पर खरा उतरना ही मेरा संकल्प : रोहित साहू

## सिवनी में विकास की बही धारा, 17.84 लाख के कार्यों का लोकार्पण और 69 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 21 सितम्बर।** विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत सिवनी में रविवार को विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने ग्राम पंचायत सिवनी एवं आश्रित ग्रामों को लाखों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। कार्यक्रम के दौरान करीब 17.84 लाख रुपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया, वहीं लगभग 69 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। विधायक रोहित साहू एवं अतिथियों के ग्राम पहुंचते ही ग्रामीणों ने बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी अध्यक्षता कर रही थीं। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा मंडल छुरा महामंत्री अशोक कुमार ठाकुर, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, जनपद सदस्य पार्वती ध्रुव, फ्नेश्वर महाविद्यालय फिंगेश्वर के अध्यक्ष राजू साहू, सरपंच गंगा बाई ठाकुर एवं उपसरपंच सुलोचना नायक सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन :** विधायक रोहित साहू ने ग्राम पंचायत सिवनी में 28.51 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केंद्र, 10 लाख रुपये के राजमिस्त्री सामुदायिक भवन, 6.50 लाख रुपये के धनश्री सामुदायिक भवन, 10 लाख रुपये के टिनशेड निर्माण तथा ग्राम राजपुर में 4 लाख रुपये की लागत से बनने वाले प्रार्थना शेड का विधिवत भूमिपूजन किया। वहीं सिवनी के आश्रित ग्राम कांटाखुसरी में बंजारा समाज भवन तथा सिवनी में निर्मित टिनशेड निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ लोकार्पण किया गया। विधायक ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, वह उनके लिए केवल राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि जनसेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज राजिम विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं और आने वाले समय में विकास की गति को और तेज किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने स्कूल मांगा, हमने तत्काल स्वीकृति दिलाई : साहू

सभा को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि विधायक बनने के बाद जब वे पहली बार सिवनी पहुंचे थे, तब ग्रामीणों ने स्कूल भवन की आवश्यकता बताई थी। ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्कूल भवन की स्वीकृति दिलाई गई। इसी तरह ग्राम पेंड्रा में भी स्कूल भवन स्वीकृत कराया गया। उन्होंने कहा कि खरखरा से रसेला मार्ग की हालत बेहद खराब हो चुकी थी और ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया था। इसे देखते हुए सड़क के डामरीकरण की स्वीकृति दिलाई गई। उन्होंने कहा कि उनका स्पष्ट उद्देश्य है कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पुल-पुलिया और अन्य बुनियादी सुविधाओं का लगातार विस्तार हो।

### अब विकास गांवों तक पहुंच रहा है : शिवांगी चतुर्वेदी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र में पहले ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए दफ्तरों और जनप्रतिनिधियों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब परिस्थितियां बदल रही हैं। उन्होंने कहा कि विधायक रोहित साहू लगातार गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुन रहे हैं और जरूरत के अनुसार विकास कार्यों की सौगात दे रहे हैं। उन्होंने कहा, आज स्थिति यह है कि विकास के लिए गांवों को नेताओं के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ रही, बल्कि विकास कार्य गांवों तक पहुंच रहे हैं। विधायक रोहित साहू लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से समझकर उनके समाधान के लिए प्रयास कर रहे हैं।

**समाचार संक्षेप**

# कथक की लय-ताल में जीवंत हुई रायगढ़ घराने की परंपरा

## गुरु सोमा दास के कलाकारों ने बांधा समां



■ भाव, लय और ताल के सुंदर समन्वय से सजी प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब बटोरी सराहना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 सितम्बर।** 41वें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह-2026 की सातवीं सांस्कृतिक संध्या में रायगढ़ घराने की कथक नृत्यांगना एवं गुरु सोमा दास के मार्गदर्शन में नटराज नृत्य कला केंद्र के कलाकारों ने मनमोहक कथक प्रस्तुति दी। भाव, लय और ताल के सुंदर समन्वय से सजी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। घुंघरुओं की झंकार, सधी हुई पदचाप और भावपूर्ण नृत्य मुद्राओं पर दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

गुरु सोमा दास ने भातखंडे संगीत महाविद्यालय, बिलासपुर से कथक में विशारद तथा कमला देवी संगीत महाविद्यालय से एम.ए. कथक की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने डॉ. विजया सिंह के मार्गदर्शन में गुरु-शिष्य परंपरा के तहत कथक की साधना की। वर्ष 2019 में पुणे, नेपाल और मलेशिया में आयोजित विभिन्न नृत्य प्रतियोगिताओं में उन्हें पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए। पिछले 15 वर्षों से कथक प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार से जुड़ी गुरु सोमा दास ने चक्रधर बालिका सदन की बालिकाओं को करीब पांच वर्षों तक प्रशिक्षण दिया। वर्ष 2023 में इन्हीं बालिकाओं के साथ चक्रधर समारोह में प्रस्तुति भी दी थी। वर्तमान में वे नटराज नृत्य कला केंद्र की संचालिका एवं ओ.पी. जिंदल स्कूल, तमनार में नृत्य शिक्षिका हैं। उनके मार्गदर्शन में कलाकारों की प्रस्तुति ने समारोह की सांस्कृतिक गरिमा में एक और सुंदर अध्याय जोड़ा।

**एक नजर**

### संत कंवरराम वार्ड में मनाई गई तुलसीदास जयंती



**भाटापारा, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संत कंवर राम वार्ड, भाटापारा में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की 529वीं जयंती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। राम नाम मनिदीप धरु जीह देहरी द्वार। तुलसी भीतर बाहेरहुँ जौ चाहसि उजियार।। जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि संत तुलसीदास जी का साहित्य एवं रामनाम का संदेश आज भी समाज को एकता, सदाचार एवं सेवा के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करता है। उन्होंने नागरिकों से रामनाम का स्मरण कर अपने दैनिक जीवन में सत्य, सेवा एवं समर्पण को अपनाने का आह्वान किया।

### मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल से शशिदेव की राह हुई आसान



**रायगढ़, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुसौर विकासखंड के ग्राम त्रिभौना निवासी शशिदेव साव के लिए घर से बाहर आना-जाना आसान नहीं था। दिव्यांगता के कारण उन्हें रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए आवागमन में परेशानी होती थी। सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता भी प्रभावित होती थी। ऐसे में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की जरूरत उनके लिए लंबे समय से महसूस की जा रही थी। शशिदेव की आवश्यकता को देखते हुए जनपद पंचायत पुसौर के माध्यम से उनका आवेदन समाज कल्याण विभाग को भेजा गया। आवश्यक परीक्षण एवं औपचारिकताएं पूरी होने के बाद कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, रायगढ़ द्वारा उन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने के बाद शशिदेव के लिए घर से बाहर आना-जाना पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है। अब वे अपने जरूरी कामों के लिए अधिक स्वतंत्रता से आवागमन कर पा रहे हैं। इससे उनकी सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता भी बढ़ी है और आत्मनिर्भरता का भाव मजबूत हुआ है। शशिदेव साव और उनके परिजनों ने शासन की सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल ने रोजमर्रा के कामों के लिए उनकी राह आसान कर दी है।

# अमित साना के सुरों पर झूम उठे श्रोता

## चक्रधर समारोह: लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुति से देर रात तक बैठे रहे संगीतप्रेमी, युवाओं में दिखा उत्साह

■ 'दिल क्या करे', 'तू पास है ऐसे' और 'चांदी जैसा रंग है तेरा' जैसे गीतों पर तालियों से गूंजा समारोह स्थल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 21 सितम्बर।** 41वें चक्रधर समारोह की सातवीं संध्या इंडियन आइडल के पहले सीजन के उपविजेता और लोकप्रिय गायक अमित साना की सुरीली आवाज के नाम रही। अपनी भावपूर्ण गायकी, मधुर आवाज और लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुति से अमित साना ने संगीतप्रेमियों को देर रात तक बांधे रखा। जैसे ही उन्होंने मंच संभाला, समारोह स्थल तालियों की गूंज से भर उठा।

अमित साना ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत 'ओम शांति ओम' और 'अनजाने राहें हैं, अनजान मंजिल' जैसे गीतों से की। इसके बाद उन्होंने 'दिल क्या करे किसी को प्यार हो जाए', 'चांदी जैसे रंग है तेरा' और 'तू पास है ऐसे, मेरे पास कोई एहसास हो जैसे' जैसे लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। उनके गीतों के साथ दर्शकों की तालियों और उत्साह का सिलसिला लगातार बढ़ता गया। कई गीतों पर युवा दर्शक झूमते और कलाकार के साथ सुर मिलाते नजर आए।

**सुरों की मिठास और भावपूर्ण गायकी ने जीता दिल :** अमित साना की गायकी में सुरों की मिठास के साथ भावों की गहराई और मंचीय ऊर्जा का सुंदर समावेश देखने को मिला। उनकी आवाज में सजे लोकप्रिय गीतों ने बच्चों से लेकर युवाओं और वरिष्ठ दर्शकों तक सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। गीतों की फरमाइश के साथ दर्शकों की तालियां पूरे समारोह स्थल में गूंजती रहीं।

**तीन वर्ष की उम्र से शुरू किया गायन का सफर:** अमित साना ने महज तीन वर्ष की उम्र से गायन की शुरुआत की थी। आठ वर्ष की उम्र में उन्होंने शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण लेना शुरू किया। भिलाई में शुरुआती प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के तत्कालीन कुलपति स्वर्गीय बिमलेंदु मुखर्जी से पेशेवर शास्त्रीय गायन की शिक्षा ली। वर्ष 2004-05 में इंडियन आइडल के पहले सीजन के उपविजेता बनने के बाद उन्हें देशभर में पहचान मिली। चक्रधर समारोह के भव्य मंच पर अमित साना की प्रस्तुति ने यादगार बना दिया।

### लय, ताल और भावों से सजी आहाना की कथक प्रस्तुति, दर्शकों ने तालियों से बढ़ाया उत्साह

41वें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह-2026 की सातवीं सांस्कृतिक संध्या में युवा कथक नृत्यांगना कुमारी आहाना अग्रवाल ने अपनी मनोहारी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। रायगढ़ घराने की कथक परंपरा पर आधारित उनकी प्रस्तुति में लय, ताल, भाव और घुंघरुओं की झंकार का सुंदर समन्वय देखने को मिला। आहाना की सधी हुई नृत्य मुद्राओं और भावपूर्ण अभिव्यक्ति पर दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। ओ.पी. जिंदल स्कूल की छात्रा आहाना अग्रवाल मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय, शाखा रायगढ़-सारंगढ़ में गुरु प्रीति रुद्र वैष्णव के मार्गदर्शन में कथक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। कम उम्र में ही उन्होंने कथक के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से पहचान बनाई है। उनकी प्रस्तुति में रायगढ़ घराने की कथक शैली की बारीकियों के साथ लय-ताल पर मजबूत पकड़ और भावों की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली।आहाना इससे पूर्व प्रणवम-2025 बिलासपुर, कौशल महोत्सव-2024 रायपुर तथा मधुगुंजन श्रृंगार-2024 रायगढ़ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। मधुगुंजन श्रृंगार में उन्होंने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था।



### शिव वंदना में अश्विका ने बिखेरी कथक की मनोहारी छटा, लखनऊ घराने की नजाकत से मोहा सबका मन

41वें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह-2026 की सातवीं सांस्कृतिक संध्या में युवा कथक नृत्यांगना कुमारी अश्विका साव ने लखनऊ घराने की कथक शैली में मनोहारी एकल प्रस्तुति दी। भगवान शिव को समर्पित शिव वंदना में उन्होंने भाव, लय, तत्कार और नृत्य मुद्राओं के माध्यम से शंभू, शंकर, भोलेनाथ, नीलकंठ एवं नटराज स्वरूप की सुंदर अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने तालियों से सराहा। डीपीएस एनटीपीसी कोरबा की छात्रा अश्विका साव गुरु रंजीत नायक के मार्गदर्शन में कथक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। लखनऊ घराने की नजाकत, नफ़ासत, भावपूर्ण अभिनय, सटीक लयकारी और आकर्षक चक्करों ने उनकी प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाया। अश्विका थाईलैंड, दुबई और मलेशिया में भी कथक की प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। इसके अलावा पाली महोत्सव, रामगढ़ महोत्सव, मैनपाट महोत्सव, सिरपुर महोत्सव, छत्तीसगढ़ राज्योत्सव, ओडिशा फेस्टिवल और चक्रधर समारोह में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्हें 2026 में 'नृत्य उदिता सम्मान' एवं 'चेतना नृत्य शिरोमणि सम्मान' तथा 2025 में 'भारतीय नृत्य कलाश्री पुरस्कार' और 'छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया है।



# चक्रधर समारोह कला व संस्कृति का महाकुंभ : तोखन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 21 सितम्बर।** 41वें अंतरराष्ट्रीय चक्रधर समारोह-2026 के सातवें दिन कला, संगीत और संस्कृति की भव्य प्रस्तुतियों से समारोह स्थल देर रात तक गुलजार रहा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने महाराजा चक्रधर सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने समारोह में प्रस्तुति देने वाले प्रसिद्ध गायक अमित साना, रायगढ़ कथक घराने के हस्ताक्षर पद्मश्री रामलाल बरेठ, भूपेंद्र बरेठ एवं उनके सहयोगियों को सम्मानित किया।

**महाराजा चक्रधर सिंह ने कला और संगीत को नई पहचान दी:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह का कला एवं संगीत के क्षेत्र में योगदान अमूल्य है। उनका योगदान केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी कला-साधना और सांस्कृतिक विरासत की चमक पूरे विश्व में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं थे, बल्कि उन्होंने कला, संगीत और संस्कृति को सहेजने तथा उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह ने कथक की समृद्ध परंपरा को रायगढ़ घराने के रूप में स्थापित कर भारतीय शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में रायगढ़ को विशिष्ट पहचान दिलाई। उनके योगदान के कारण रायगढ़ आज देश-दुनिया में कला और संस्कृति के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में जाना जाता है।

**देशभर के कलाकारों को एक मंच देता है चक्रधर समारोह:** केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि चक्रधर समारोह कला एवं संस्कृति का महाकुंभ है। इस समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से ख्यातिप्राप्त कलाकार एक मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, शास्त्रीय कलाओं और लोक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी है।

### अम्बेडकर चौक में नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया सेवा का संदेश

**रायगढ़, 21 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नमो सेवा अनकही कहानियां' के तहत रायगढ़ के अम्बेडकर चौक में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सेवा, जनकल्याण और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। प्रस्तुति के दौरान कलाकारों ने आम लोगों से जुड़ी विषयवस्तु को सरल और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने रुचि के साथ देखा। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य तक सेवा और जनकल्याण से जुड़े संदेशों को सहज माध्यम से पहुंचाना रहा। अम्बेडकर चौक में आयोजित इस नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए लोगों की मौजूदगी रही। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिल्पा भगत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मुर्गीपालन से आत्मनिर्भर बनी धरमजयगढ़ की रजनी



■ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं हो रही है आर्थिक रूप से सशक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 सितम्बर।** शासन की योजनाओं से मिले सहयोग ने धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पाराघाटी की रजनी केरकेट्टा की जिंदगी में बदलाव की राह खोली है। रजनी ने मुर्गी पालन को अपनी आजीविका का साधन बनाकर परिवार की आय बढ़ाने में योगदान दिया और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। रजनी जीवन ज्योति स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से उन्हें आजीविका गतिविधि के लिए आर्थिक सहयोग मिला। उन्हें सामुदायिक निवेश निधि से 50 हजार रुपए, बैंक लिंकेज से 1 लाख रुपए तथा स्वयं सिद्धा के तहत प्रथम वर्ष में 1.50 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई। द्वितीय वर्ष में आजीविका गतिविधि को आगे बढ़ाने के लिए 1.50 लाख रुपए की राशि का पुनः नवीनीकरण किया गया। इस आर्थिक सहयोग से रजनी ने मुर्गी पालन व्यवसाय को आगे बढ़ाया। समूह से मिले मार्गदर्शन और सहयोग ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। अब वे आजीविका से जुड़े निर्णय स्वयं लेते हुए व्यवसाय को आगे बढ़ा रही हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सहभागी बन रही हैं। रजनी बताती हैं कि समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आर्थिक सहयोग के साथ आगे बढ़ने का हौसला भी मिला। मुर्गी पालन ने उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया है। उन्होंने शासन की योजनाओं और समूह के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्कूलों में मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन के साथ हुईं विविध प्रतियोगिताएं भी



■ मेरे सपनों का भारत' में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता, उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 सितम्बर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत पुसौर विकासखंड के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर आयोजित ड्राइंग, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपने सपनों के भारत की कल्पना को रंगों और शब्दों के जरिए सामने रखा।

आयोजन में पालकों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने 'सेवा-विगत 25 वर्ष' और 'सपना-आगामी 25 वर्ष' की थीम पर स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, विकसित भारत-2047, महिला सशक्तिकरण, सेना का शौर्य, नक्सल मुक्त भारत, नया कश्मीर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं आधुनिक तकनीक जैसे विषयों को अपनी प्रस्तुतियों में शामिल किया।

बच्चों ने चित्रों और भाषणों के माध्यम से देश के विकास को लेकर अपनी सोच और कल्पनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। पालकों और शिक्षकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्तर पर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार मिलने से बच्चों में उत्साह नजर आया। शाला स्तर पर चयनित विद्यार्थी आगामी विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे।

## शिक्षा, सेवा और सृजन का सम्मान : छत्तीसगढ़ कलार समाज के ऐतिहासिक समारोह में राष्ट्र-निर्माता शिक्षकों का हुआ सम्मान

# योग शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा नवाजे गए शिक्षारत्न सम्मान से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 21 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा शिक्षा, सेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए एक गरिमामय एवं ऐतिहासिक सम्मान समारोह का आयोजन सत्य साई हॉस्पिटल ऑडिटोरियम, रायपुर में किया गया। समारोह में प्रदेशभर से शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित शिक्षकों को एक मंच पर सम्मानित कर उनके योगदान को नमन किया गया। सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि की आसंदी पर विराजमान थीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग अध्यक्ष राकेश पाण्डे, अशोक सिन्हा, प्रमिला सिन्हा आसीन थे। छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा सहित समाज के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न इस समारोह में उन शिक्षकों का सम्मान किया गया, जो अपने ज्ञान, समर्पण और कर्मठता से समाज की नई पीढ़ी को गढ़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। समारोह की विशेषता यह रही कि प्रदेश के कोने-कोने में ज्ञान की अलख जगाने वाले शिक्षकों को एक सूत्र में पिरोने का अभिनव प्रयास किया गया। शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला मानते हुए सेवा और सृजन के लिए संकल्पित शिक्षकों के योगदान को सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में शिक्षा, योग, स्काउटिंग, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर अपने नगर एवं क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा को प्रतिष्ठित शिक्षारत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके शैक्षणिक दायित्वों के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय योगदान का सम्मान है। अर्जुन धनंजय सिन्हा के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि वे एक ऐसी शिक्षक परंपरा से आते हैं, जिसने शिक्षा को केवल पेशा नहीं, बल्कि सेवा और संस्कार का माध्यम माना है। उनके पिता सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा, जिन्हें द टाइगर ऑफ मैथेमेटिक्स के नाम से सम्मानपूर्वक जाना जाता है, तथा माता राम बाई सिन्हा के संस्कारों से प्रेरित परिवार के अनेक सदस्य आज शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। के.आर. सिन्हा एवं राम बाई सिन्हा की पुत्रियां अमोलिया सिन्हा, महेश्वरी सिन्हा, दानेश्वरी सिन्हा, दामिनी सिन्हा, दामाद संजय सिन्हा, पुत्र अर्जुन धनंजय सिन्हा एवं भाई कला कुमार सिन्हा शिक्षक के रूप में विद्यार्थियों के जीवन को ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से आलोकित कर रहे हैं।

# टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विजय को मिली टीबी से मुक्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 21 सितंबर।** स्वास्थ्य मनुष्य के जीवन का एक अनमोल पुंजी है। इसे सुरक्षित रखना एक कठिन चुनौती भी है, लेकिन सतत जांच, उपचार और सही समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिले परामर्श से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। महासमुंद जिले में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत इस दिशा में एक बेहतर कार्य हो रहा है। गौरतलब है कि इस अभियान के तहत जिले के 551 ग्राम पंचायतों में से 305 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हो गया है। जिले में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के माध्यम से टीबी रोगियों को समय पर जांच, नियमित उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। कई लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मिलकर अपने रोग को पूर्णतः ठीक किया है। इसी क्रम में महासमुंद शहर के वार्ड क्रमांक 25 निवासी श्री विजय साहू के जीवन में भी बदलाव देखने को मिला है। नियमित उपचार और स्वास्थ्य विभाग की समझाईश से विजय ने टीबी बीमारी को मात दी।



विजय बताते हैं कि करीब एक वर्ष तक उन्हें लगातार थकावट रहती थी और किसी भी काम को करने में मन नहीं लगता था। लगातार खांसी आने के साथ शाम के समय हल्का बुखार भी रहता था। उन्होंने निजी चिकित्सकों से उपचार कराया, लेकिन पूरी तरह स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाया। इस दौरान वे तंबाकूयुक्त गुटका और शराब का सेवन भी करते थे, जिससे उनकी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी और बढ़ रही थी।

इसी बीच वार्ड की मितानिन श्रीमती रेखा साहू ने विजय को जिला क्षय केंद्र, महासमुंद में जांच कराने की सलाह दी। विजय ने जिला क्षय केंद्र पहुंचकर अपने थूक की जांच कराई, जिसमें टीबी बीमारी की पुष्टि हुई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने 13 फरवरी 2025 से लगातार छह माह तक नियमित रूप से टीबी की दवाइयां लीं। उपचार के साथ उन्होंने पौष्टिक भोजन का सेवन किया। चिकित्सक एवं मितानिन द्वारा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में समझाइश दिए जाने पर विजय ने तंबाकू युक्त गुटका और शराब का सेवन पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया।उपचार के दौरान स्वास्थ्य विभाग की नर्स द्वारा समय-समय पर विजय के स्वास्थ्य की जानकारी ली जाती रही और नियमित दवा सेवन के लिए उनका मार्गदर्शन किया गया। टीबी उपचार के दौरान उन्हें पोषण सहायता के रूप में उनके बैंक खाते में दो चरणों में कुल 6 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई, जिसका उपयोग उन्होंने पौष्टिक भोजन एवं आवश्यक खाद्य सामग्री लेने में किया। लगातार उपचार और स्वास्थ्य विभाग की सलाह का पालन करने के बाद विजय ने जिला क्षय केंद्र में दोबारा थूक की जांच कराई। 29 मई 2026 को जांच के उपरांत उन्हें टीबी बीमारी से पूर्णतः स्वस्थ होने की जानकारी दी गई। आज विजय पूरी तरह स्वस्थ हैं और नियमित रूप से अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने नशे का सेवन भी पूरी तरह छोड़ दिया है।

विजय कहते हैं कि समय पर जांच और नियमित उपचार से वे टीबी जैसी गंभीर बीमारी से पूरी तरह स्वस्थ हो सके। वे अपने साथियों और अन्य लोगों को भी तंबाकू युक्त गुटका, शराब अथवा किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर निजी उपचार के बजाय नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में जांच एवं उपचार कराने की सलाह देते हैं।

## एक नजर

### अमोलक भवन में रक्तदान के साथ स्वास्थ्य परामर्श जांच शिविर आयोजित



**रायपुर,21 सितंबर।** सदर बाजार स्थित तेरापंथ अमोलक भवन में तेरापंथ युवक परिषद् एवं तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में मानव सेवा हेतु रक्तदान के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए प्रतीक जैन ने बताया कि शिविर में एस आर वी एस सोलर, वी वाय हास्पिटल एवं वी वाय साईंसा कैंसर केयर सेंटर, श्री अरविंदो नेत्रालय, ग्लो टीथ एंड फेस एवं रायपुर डेंटल क्लिनिक का परामर्श हेतु विशेष सहयोग रहा। आवश्यक जांच आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा निःशुल्क की गई। वी वाय ब्लड बैंक के माध्यम से रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। परामर्श एवं जांच शिविर का लाभ समाज के सदस्यों द्वारा लिया गया।

### महतारी वंदन ने बढ़ायासोनू देवी का हौसला, सिलाई ने संवारी जिंदगी

**रायपुर, 21 सितंबर।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत रटगा की श्रीमती सोनू देवी के हाथों में हुनर पहले से था, जरूरत थी तो बस उस हुनर को आगे बढ़ाने के लिए थोड़े से आर्थिक संबल की। घर पर ही सिलाई का काम करने वाली सोनू देवी परिवार और आसपास के लोगों के कपड़े सिलकर अपनी आमदनी में सहयोग करती थीं। मेहनत और हुनर के बावजूद सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण उनके काम का दायरा छोटा था और वह अपनी सिलाई कला को बड़े स्तर पर नहीं ले जा पा रही थीं। सोनू देवी के लिए सिलाई केवल एक काम नहीं, बल्कि परिवार की आर्थिक जरूरतों में हाथ बंटाने और अपने पैरों पर खड़े होने का माध्यम रही है। वह उपलब्ध संसाधनों में ही लगातार मेहनत करती रहीं। इसी बीच महतारी वंदन योजना से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता उनके लिए बदलाव की शुरुआत बनी। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली एक हजार रुपये की मासिक आर्थिक सहायता ने सोनू देवी को अपने हुनर को आगे बढ़ाने का अवसर दिया। उन्होंने योजना से मिलने वाली राशि और अपनी टेलरिंग मशीन का बेहतर उपयोग करते हुए सिलाई के काम को और गति दी। धीरे-धीरे उनके काम का दायरा बढ़ने लगा और घर से संचालित होने वाला उनका सिलाई कार्य आय के बेहतर साधन के रूप में विकसित होने लगा। सोनू देवी बताती हैं कि नियमित रूप से मिलने वाली आर्थिक सहायता ने उन्हें अपने काम को जारी रखने और आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में सहारा दिया। इससे उन्हें अपने सिलाई कार्य पर ध्यान केंद्रित करने और अपने हुनर को और बेहतर तरीके से उपयोग करने का अवसर मिला। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सोनू देवी के बैंक खाते में 31वीं किस्त की राशि भी पहुंच चुकी है। योजना के माध्यम से लगातार मिल रही आर्थिक सहायता उनके लिए नियमित संबल का काम कर रही है।

### मिर्च की उन्नत खेती से बढ़ी महेंद्र की आय

**रायपुर, 21 सितंबर।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों, सिंचाई सुविधाओं और आवश्यक सहयोग से जोड़ने के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में खेती की तस्वीर बदल रही है। जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड के ग्राम सन्ना निवासी छोटे किसान श्री महेंद्र कुमार यादव, पिता श्री अमर कुंवर यादव की कहानी इसका उदाहरण है। सीमित पूंजी के कारण पहले महज 50 डिसमिल भूमि में मिर्च की खेती करने वाले महेंद्र ने शासकीय अनुदान और विभागीय मार्गदर्शन का लाभ लेकर खेती का विस्तार किया और इस वर्ष मिर्च उत्पादन से करीब 1 लाख रुपये की शुद्ध आय अर्जित की। आर्थिक स्थिति कमजोर होने और पूंजी की कमी के कारण महेंद्र कुमार यादव पहले पारंपरिक तरीके से केवल 50 डिसमिल भूमि में ही मिर्च की खेती कर पाते थे। सीमित क्षेत्रफल, उत्पादन और अधिक लागत के कारण खेती से होने वाली आय भी सीमित थी। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत उत्पादन प्रणाली मद में मिर्च की खेती के लिए उन्हें 38 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। अनुदान का लाभ मिलने के बाद उन्होंने एक एकड़ भूमि लीज पर लेकर उन्नत किस्म की मिर्च की खेती शुरू की। विभागीय तकनीकी मार्गदर्शन और सिंचाई सुविधा का लाभ लेकर उन्होंने खेती का दायरा बढ़ाया।

# लघु उद्योगों और एमएसएमई को मजबूत बनाकर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का रोडमैप तैयार कर रही साय सरकार : वित्त मंत्री

**रायपुर,21 सितंबर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी आज रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित 14वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में एमएसएमई, स्टार्टअप, उद्योग, रोजगार और निवेश की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण देश का लक्ष्य और ध्येय है। इसी विकास यात्रा में छत्तीसगढ़ भी देश के अग्रणी राज्यों के साथ कदमताल करते हुए आगे बढ़े, इसके लिए राज्य सरकार दीर्घकालिक रोडमैप के साथ काम कर रही है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए स्पष्ट रोडमैप के साथ कार्य प्रारंभ किया है। विकास के साथ देश की विरासत और सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है और आने वाले वर्षों में देश के विकास की गति को और तेज करने के लिए संरचनात्मक सुधारों तथा दीर्घकालिक नीतियों की आवश्यकता है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में योजना



विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए 'अंज़ोर विजन डॉक्यूमेंट' तैयार कराया गया है। इसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राज्य को देश के साथ कदमताल करते हुए अग्रणी राज्यों की श्रेणी में आगे बढ़ना है और राष्ट्र के विकास के महायज्ञ में छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करनी है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 का लक्ष्य केवल दूरगामी लक्ष्य नहीं है। इसके लिए 2030 और 2035 जैसे मध्यकालिक लक्ष्यों के साथ अल्पकालिक और वार्षिक लक्ष्य भी निर्धारित किए जा रहे हैं, ताकि दीर्घकालिक विजन को चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जा सके।

मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि देश के विकास के लिए दीर्घकालिक योजना और भविष्य को ध्यान में रखकर नीतियां बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले भी 21वीं सदी और विजन 2020 जैसे लक्ष्य निर्धारित किए, लेकिन उनके अनुरूप दीर्घकालिक रोडमैप और आवश्यक नीतिगत सुधारों का अभाव रहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1991 का आर्थिक संकट देश के लिए गंभीर चुनौती था और उस दौर की आर्थिक परिस्थितियों से सबक लेते हुए भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए मजबूत आधार तैयार करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप अनेक क्षेत्रों में दीर्घकालिक निर्णय लिए जा रहे हैं। नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में बड़े निवेश इसी व्यापक विकास दृष्टिकोण का हिस्सा हैं। इनका उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की नींव तैयार करना है।

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में सर्विस सेक्टर का तेजी से विस्तार हुआ है, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग और विशेष रूप से लेबर इंटेंसिव मैन्युफैक्चरिंग को और विस्तार देने की आवश्यकता है। रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने के लिए लघु उद्योगों, एमएसएमई और विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता के अवसर पैदा करने के साथ-साथ सप्लाई चेन को मजबूत करते हैं। इसलिए प्रदेश में एमएसएमई, स्टार्टअप, विनिर्माण, निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल औद्योगिक वातावरण तैयार करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। श्री चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण की यात्रा में उद्योग जगत, उद्यमियों और लघु उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार का प्रयास है कि नीतिगत सुधारों, निवेश के अनुकूल वातावरण और उद्यमिता को प्रोत्साहन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की औद्योगिक क्षमता को नई गति दी जाए।

## अम्बेडकर चौक पर नुक्कड़ नाटक से दिया सेवा का संदेश



**रायपुर, 21 सितंबर।** सेवा, जनकल्याण और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश लोगों तक सहज और प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए रायगढ़ के अम्बेडकर चौक में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। 'नमो सेवा अनकही कहानियां' के तहत आयोजित इस प्रस्तुति में कलाकारों ने आम लोगों के जीवन से जुड़े विषयों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत करते हुए सेवा के महत्व को सामने रखा। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए अम्बेडकर चौक पर लोगों की मौजूदगी रही और दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति को रुचि के साथ देखा। कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से यह संदेश दिया कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था का दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक भागीदारी से सामाजिक बदलाव की राह मजबूत होती है। आम बोलचाल की भाषा और प्रभावी प्रस्तुति के जरिए सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े संदेशों को लोगों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा और जनकल्याण से जुड़े विचारों को जनसामान्य तक सहज माध्यम से पहुंचाना और सामाजिक सहभागिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। नुक्कड़ नाटक जैसे जनसंचार के माध्यम से लोगों को सीधे जोड़ने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिल्पा भगत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सेवा के भाव को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

## मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल से शशिदेव की राह हुई आसान

**रायपुर, 21 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद लोगों के जीवन को आसान बनाने में सहायक बन रही हैं। रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड के ग्राम त्रिभौना निवासी शशिदेव साव के लिए मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल ऐसी ही मदद साबित हुई है। दिव्यांगता के कारण पहले घर से बाहर आना-जाना और रोजमर्रा के जरूरी काम करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने के बाद अब वे पहले की तुलना में अधिक सहजता और स्वतंत्रता के साथ आवागमन कर पा रहे हैं।

शशिदेव साव को आवागमन में होने वाली परेशानी को देखते हुए मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की आवश्यकता महसूस की गई। उनकी जरूरत को ध्यान में रखते हुए जनपद पंचायत पुसौर के माध्यम से आवेदन समाज कल्याण विभाग को भेजा गया। आवश्यक परीक्षण एवं औपचारिकताएं पूरी होने के बाद कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, रायगढ़ द्वारा उन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई।

मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने के बाद शशिदेव के लिए घर से बाहर निकलना और जरूरी कार्यों के लिए आवागमन करना आसान हुआ है। अब वे अपने दैनिक कार्य अधिक स्वतंत्रता से कर पा रहे हैं। आवागमन की सुविधा बढ़ने से उनकी सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता को भी संबल मिला है। सहायक उपकरण ने उनके लिए केवल आवागमन को आसान नहीं बनाया, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को भी मजबूती दी है।

शशिदेव साव और उनके परिजनों ने शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायता के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए उनकी राह आसान हुई है।

## किसान वृक्ष मित्र योजना से मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के किसानों को मिला आय का नया आधार

**रायपुर, 21 सितंबर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संचालित किसान वृक्ष मित्र योजना मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के मोहला वनमंडल में किसानों के लिए हरियाली के साथ-साथ अतिरिक्त आय का नया आधार बन सेवा और संकल्प की नई कहानी बयां कर रही है। योजना के तहत किसानों को उनकी निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के पौधरोपण के लिए वन विभाग द्वारा संपूर्ण सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इससे किसानों पर किसी प्रकार का वित्तीय भार नहीं पड़ रहा है और वे अपनी भूमि पर वृक्षारोपण के माध्यम से भविष्य में अतिरिक्त आय का स्रोत तैयार कर रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में मोहला वनमंडल में योजना के तहत 218 किसानों ने 188.04 एकड़ निजी भूमि पर कुल 1 लाख 14 हजार 220 पौधों का रोपण किया है। किसानों को पौधों के साथ खाद, कीटनाशक एवं आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। वन विभाग द्वारा सभी रोपण स्थलों का बीट स्तर पर सत्यापन भी पूर्ण कर लिया गया है।

किसान वृक्ष मित्र योजना का उद्देश्य किसानों की निजी भूमि पर वाणिज्यिक उपयोग वाली प्रजातियों का वृक्षारोपण कराना तथा सहयोगी संस्थाओं एवं निजी कंपनियों के माध्यम से उत्पाद के बायबैक की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इससे किसानों को भविष्य में उनकी उपज का बाजार उपलब्ध कराने के साथ आय में वृद्धि के अवसर मिलते हैं। साथ ही काष्ठ एवं प्लाईवुड आधारित उद्योगों को बढ़ावा, रोजगार सृजन और शासन के राजस्व में वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

योजना के तहत क्लोन नीलगिरी किसानों के बीच सबसे अधिक लोकप्रिय प्रजाति के रूप में सामने आई है। इस वर्ष 120 किसानों ने 100 एकड़ में 90 हजार पौधे लगाए हैं। लगभग 900 पौधे प्रति एकड़ की सघनता तथा 4 से 5 वर्ष में पेपर मिलों के लिए बायबैक की व्यवस्था के कारण किसानों का रुझान इस प्रजाति की ओर बढ़ा है। कुल पौधरोपण में क्लोन नीलगिरी की हिस्सेदारी लगभग 78 प्रतिशत है। इसके अलावा 55 किसानों ने 26.60 एकड़ में 8 हजार साधारण बांस, 2 किसानों ने 1.56 एकड़ में 250 चंदन तथा 1 किसान ने 2 एकड़ में 1,500 मिलिया डुबिया (मालाबार नीम) के पौधे लगाए हैं। सागौन वर्ग में इस वर्ष 40 किसानों ने कुल 57.88 एकड़ में 14 हजार 470 पौधों का रोपण किया है। इनमें 38 किसानों द्वारा 47.88 एकड़ में 11 हजार 970 साधारण सागौन तथा 2 किसानों द्वारा 10 एकड़ में 2 हजार 500 टिश्यू कल्चर सागौन का रोपण किया गया है। कम समय में बेहतर बढ़वार और सीधे तने जैसी विशेषताओं के कारण टिश्यू कल्चर सागौन के प्रति किसानों का रुझान बढ़ रहा है। वन विभाग द्वारा इसे डेमो प्लांट के रूप में भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत किसानों को पौधरोपण के लिए आवश्यक सामग्री एवं तकनीकी सहयोग निःशुल्क मिलने से किसानों में उत्साह बढ़ा है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 'नमो सेवा अनकही कहानियां' संगीतमय नाटक का आयोजन

■ **17 अक्टूबर तक विभिन्न विकासखंडों में होंगे कार्यक्रम, गांव-गांव तक पहुंचेगा सेवा का संदेश**

**महासमुंद, 21 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में 20 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'नमो सेवा अनकही कहानियां' संगीतमय नाटक प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों में निर्धारित तिथियों पर कार्यक्रम आयोजित कर सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

अभियान के तहत 21 सितंबर को रेलवे स्टेशन चौक बागबाहरा में कार्यक्रम आयोजित किया जाना निर्धारित है। इसी क्रम में 5 अक्टूबर को टाउन हॉल चौक पिथौरा, 6 अक्टूबर को पदमपुर रोड चौक बसना, 8 अक्टूबर को बस स्टैंड के पास पिथौरा, 9 अक्टूबर को बार चौक पिथौरा, 10 अक्टूबर को नोडल अधिकारी द्वारा चयनित स्थल बागबाहरा, 11 अक्टूबर को जनपद चौक बसना, 12 अक्टूबर को झलप चौक बागबाहरा, 14 अक्टूबर को अंबेडकर चौक महासमुंद, 15 अक्टूबर को दीनदयाल उपाध्याय चौक, दुर्गा मंदिर के पास महासमुंद तथा 17 अक्टूबर को वन विभाग विश्राम गृह के पास मैदान सरायपाली में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विकासखंडवार नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली विकासखंडों में संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यक्रम के समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे। अभियान के तहत स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित होने वाली संगीतमय नाटक प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आमजन को सेवा और जनकल्याण से जुड़े विषयों से अवगत कराया जा रहा है।

# सेवा को राजनीति का चश्मा लगाकर न देखें, दीप छोटा हो सकता है, लेकिन उसके पीछे का सेवा संकल्प बड़ा है : रवि सिन्हा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा गतिविधियों और आशीर्वाद के दीये÷ कार्यक्रम को लेकर नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा की गई टिप्पणियों पर भाजपा पार्षद एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा के कार्यों को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय उनके पीछे की भावना और उद्देश्य को समझने की आवश्यकता है।

रवि सिन्हा ने कहा कि दीप जलाना महज एक औपचारिक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। दीप प्रकाश, सकारात्मकता, आशा और सेवा-संकल्प का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर देशभर में विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की गईं। ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों की सहायता और सकारात्मक सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना है।



उन्होंने कहा कि विपक्ष को किसी कार्यक्रम पर आपत्ति है तो वह अपनी बात लोकतांत्रिक तरीके से रख सकता है, लेकिन हर सामाजिक और सेवा गतिविधि को राजनीति के चश्मे से देखना उचित नहीं है। राजनीति अपनी जगह है और जनसेवा अपनी जगह। भाजपा के कार्यकर्ता संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ समाज और जनता के बीच सेवा कार्यों में भी निरंतर सक्रिय रहते हैं।

रवि सिन्हा ने कहा कि जनता को केवल बयान और आरोप-प्रत्यारोप नहीं चाहिए, बल्कि सड़क पर काम, नालियों की सफाई, बेहतर स्वच्छता व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा के अवसर और नागरिक सुविधाओं में सुधार चाहिए।

उन्होंने कहा, मैं स्वयं वार्ड क्रमांक 39 का पार्षद हूं और वार्ड की जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को उठाना मेरी जिम्मेदारी है। सड़क, नाली, सफाई, पुलिया, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्ट्रीट लाइट और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े विषयों को लेकर मैंने लगातार निगम के समक्ष आवाज उठाई है। वार्ड की जनता मेरे काम और मेरी सक्रियता की प्रत्यक्ष साक्षी है।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल सदन में बोलना नहीं, बल्कि जनता के बीच पहुंचना, समस्याओं को समझना, संबंधित अधिकारियों तक बात पहुंचाना और समाधान के लिए लगातार प्रयास करना है।

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका का उल्लेख करते हुए रवि सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उपयोगी पुस्तकों की व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, महाविद्यालय की आवश्यकताओं और विद्यार्थियों से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देना जनभागीदारी समिति की जिम्मेदारी का हिस्सा है। शिक्षा के क्षेत्र में किया गया प्रत्येक सकारात्मक प्रयास भविष्य की पीढ़ी को मजबूत बनाने की दिशा में कदम है।

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले को संबोधित करते हुए रवि सिन्हा ने कहा कि यदि विपक्ष वास्तव में जनता की मूलभूत समस्याओं को लेकर गंभीर है तो आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर सड़क, सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल निकासी और नागरिक सुविधाओं से जुड़े ठोस एवं रचनात्मक सुझाव सामने रखने चाहिए।

उन्होंने कहा, विपक्ष की अपनी भूमिका है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन लोकतंत्र में विपक्ष की सार्थक भूमिका केवल सवाल उठाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाधान के लिए रचनात्मक सुझाव देना भी उसकी जिम्मेदारी है। भाजपा सेवा कार्यक्रम भी करेगी और जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए भी पूरी गंभीरता से काम करती रहेगी।

रवि सिन्हा ने कहा कि एक दीपक की लौ को देखकर उसकी रोशनी पर सवाल उठाने के बजाय यह देखना चाहिए कि उस दीप के पीछे भावना क्या है। यदि किसी कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सेवा, स्वच्छता, सकारात्मकता और सामाजिक सहभागिता का संदेश जाता है तो उसका स्वागत होना चाहिए।

उन्होंने कहा, जनता सब देखती है। कौन केवल बयान देता है और कौन जनता के बीच जाकर काम करता है, इसका फैसला जनता अपने अनुभव के आधार पर करती है। हमें किसी के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है। हमारा जवाब आरोपों से नहीं, हमारे काम से होगा। रवि सिन्हा ने कहा कि भाजपा के लिए सेवा केवल किसी एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता की निरंतर जिम्मेदारी है। वार्ड की समस्याओं से लेकर विद्यार्थियों के भविष्य तक, जहां भी जनहित का विषय होगा।

## कैंसर केयर को मजबूत करने के साथ स्वस्थ मानव संसाधन तैयार करना जरूरी: वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी

**रायपुर, 21 सितंबर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी आज नवा रायपुर में बाल्को मेडिकल सेंटर, eCancer तथा टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा आयोजित चतुर्थ वार्षिक BMC छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव-2026 में शामिल हुए। कॉन्क्लेव की थीम "Restoring Balance to Cancer Care" पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कैंसर केयर, स्वास्थ्य सेवाओं की भविष्य की चुनौतियों और देश की युवा आबादी को स्वस्थ बनाए रखने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भारत आज दुनिया के सबसे युवा देशों में शामिल है। देश की औसत आयु करीब 29 वर्ष है, जबकि छत्तीसगढ़ की औसत आयु करीब 24 वर्ष है। देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा आबादी भारत की आर्थिक प्रगति की सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस युवा शक्ति का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है।

मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि आने वाले 10-20 वर्षों में भारत की जनसांख्यिकी में तेजी से बदलाव होगा और आबादी की औसत आयु बढ़ेगी। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र के सामने बड़ी चुनौती होगी कि देश आर्थिक रूप से विकसित होने से पहले अस्वस्थ न हो जाए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मानव संसाधन किसी भी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की बुनियादी जरूरत है। इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में समय रहते तैयारी, बेहतर चिकित्सा सुविधाओं, विशेषज्ञ सेवाओं और शोध को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### पत्नी से ही धर्म, अर्थ, काम की सिद्धि होती है : इन्दुभवानन्द



**रायपुर, 21 सितंबर।** श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर में चल रहे चातुर्मास्य के प्रसंग पर शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज ने कश्यप दिति के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया की पत्नी से ही धर्म अर्थ काम की सिद्धि होती है और पत्नी के सहारे ही मनुष्य संसार के दुख से पार हो जाता है पत्नी पति के लिए बहुत सहायक होती है रक्षा की दृष्टि से पत्नी वज्र के समान कवज बनाकर के रहती है। मनुष्य काम के वशीभूत होकर कहीं कुकर्म न कर बैठे इसके लिए ही विवाह होता है। विवाह धर्म के संपादन के लिए होता है भोग भोगने के लिए नहीं होता है। दिति को समझाते हुए कश्यप कहते हैं कि तुम तो हमारे शरीर का आधा भाग हो तुम्हारे ऊपर भार डालकर हम बेफिक्र रहते हैं तुम्हारे वल से हम इंद्रियों रूपी बड़े-बड़े शत्रुओं पर इस प्रकार विजय प्राप्त करते हैं जैसे कोई किले में बैठकर डाकुओं पर विजय प्राप्त कर लेता है। हम तुमसे कभी उऋण नहीं हो सकते हैं। हम तुम्हारी कामना पूरी करने के लिए भी तैयार है परंतु जरा दो घडी ठहर जाओ क्योंकि यह समय बड़ा प्रतिकूल है इसमें शंकर और उनके गण भयंकर वेष में विचरण करते हैं उनके लिए कोई अपना पराया नहीं है हम उन्हीं की इच्छा के अनुसार चलते हैं। कश्यप के समझाने पर दिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा वह तो काम की वशीभूत होकर व्याकुल हो रही थी। अंत में कश्यप ने अपनी पत्नी की इच्छा पूर्ण की

### अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल शुरू होने की घोषणा

**रायपुर, 21 सितंबर।** अमेज़न डॉट इन ने आज घोषणा की कि अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 8 अक्टूबर, 2026 से शुरू होगा। जैसे ही भारत त्योहारी सीज़न के लिए तैयार हो रहा है, ग्राहक सबसे तेज़ डिलीवरी स्पीड के साथ शानदार कीमतों पर सबसे बड़े चयन की उम्मीद कर सकते हैं। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, घर की ज़रूरी चीज़ों और ग्रॉसरी सहित सभी लोकप्रिय श्रेणियों में डील्स उपलब्ध हैं। ग्राहकों को एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड तथा ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10त्न का इंस्टेंट डिस्काउंट भी मिलता है। इस अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में हर किसी के लिए कुछ न कुछ ज़रूर है। अमेज़न इंडिया के वीपी, सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल देश के सबसे बड़े शॉपिंग उत्सव के लिए ग्राहकों, सेलर्स और ब्रांड्स को एक साथ लाकर भारतीय त्योहारों की भावना का जश्न मनाता है। इस साल, पूरे भारत के ग्राहक करोड़ों प्रोडक्ट्स पर साल की सबसे कम कीमतों, ब्लॉकबस्टर डील्स और रोमांचक नए लॉन्च की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें प्रीमियम और वैल्यू प्रोडक्ट्स के सबसे बड़े चयन की डिलीवरी मिनटों, घंटों, उसी दिन या अगले दिन की जाएगी। सेलर्स द्वारा पहले से ही प्लान की गई रोमांचक डील्स के साथ, ग्राहक इस अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में भारी बचत की उम्मीद कर सकते हैं।

### डॉ. संजय द्विवेदी को 'कृषि रत्न सम्मान'

**रायपुर, 21 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एवं उद्यानशास्त्री स्वर्गीय डॉ. मणिशंकर शर्मा की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा कृषि शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित 'कृषि रत्न सम्मानङ्क2026' इस वर्ष इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के प्रमुख वैज्ञानिक एवं प्राध्यापक डॉ. संजय के. द्विवेदी को प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें कृषि शिक्षा, अनुसंधान, आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार तथा किसान हित में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. द्विवेदी ने शस्य विज्ञान के क्षेत्र में दो दशकों से अधिक समय से शोध एवं अध्यापन के साथ किसानों तक वैज्ञानिक तकनीकों को पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. द्विवेदी के वैज्ञानिक योगदान का दायरा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विस्तृत है। उन्होंने 150 से अधिक शोध-पत्रों, पुस्तकों, अध्यायों एवं तकनीकी प्रकाशनों के माध्यम से कृषि विज्ञान के क्षेत्र में योगदान दिया है। उन्हें श्रेष्ठ वैज्ञानिक, युवा वैज्ञानिक एवं श्रेष्ठ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषदङ्कअखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना केंद्र सहित 15 से अधिक प्रतिष्ठित सम्मान, छात्रवृत्तियाँ एवं प्रशस्तियाँ प्राप्त हो चुकी हैं। जलवायु-अनुकूल एवं आधुनिक कृषि, जल प्रबंधन, बूंद-बूंद सिंचाई तथा जलवायु-सहनीय कृषि पद्धतियों के क्षेत्र में उनके शोध कार्य उल्लेखनीय हैं। पिछले लगभग 15 वर्षों में उन्होंने छत्तीसगढ़ के विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों में 1, 000 से अधिक प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों, किसान मेलों, क्षेत्रीय प्रदर्शन दिवसों तथा दूरदर्शन-आकाशवाणी वार्ताओं के माध्यम से आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार में योगदान दिया है।

#### राष्ट्रीय राजमार्गों सहित सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश

# नए कार्यों को 15 अक्टूबर से युद्धस्तर पर प्रारंभ करें : उपमुख्यमंत्री अरुण साव



**रायपुर, 21 सितंबर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने आज सभी परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं, मंडलों के अधीक्षण अभियंताओं और संभागों के कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर प्रदेशभर में सड़कों और पुलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बारिश में सड़कों की खराब स्थिति पर गहरी नाराजगी जताते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों सहित सभी क्षतिग्रस्त सड़कों व पुलों की मरम्मत 15 अक्टूबर तक करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त ऐसे सभी नए कार्यों जिनकी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उनके निर्माण 15 अक्टूबर से युद्धस्तर पर प्रारंभ करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल और प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी भी बैठक में मौजूद थे। सभी संभागों के कार्यपालन अभियंता वीडियो कॉन्फ्रेंस से बैठक में जुड़े।

उप मुख्यमंत्री साव ने नवा रायपुर में पीडब्लूडी मुख्यालय 'निर्माण भवन' में आयोजित बैठक में सड़कों की मरम्मत की पुख्ता कार्ययोजना तैयार कर बरसात के बाद तत्काल क्षतिग्रस्त सड़कों को सुधारने के निर्देश दिए। सभी संभागों को मांग के अनुसार मरम्मत और संधारण के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। उन्होंने इसके लिए तत्काल निविदा कर एजेंसी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यपालन अभियंताओं को अगले दो-तीन दिनों में अपने कार्यक्षेत्र का भ्रमण कर सड़कों और पुलों की स्थिति जांचने को कहा। उन्होंने सड़कों, पुलों और डिवाइडर्स की मरम्मत के साथ ही उनकी साफ-सफाई एवं रंगाई-पुताई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यपालन अभियंताओं को सप्ताह में दो-तीन दिन फील्ड में रहने को कहा।

साव ने निविदा की प्रक्रिया पूर्ण हो चुके सभी कार्यों को आगामी 15 अक्टूबर से पूरी गति से शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के दौरान लोगों को कम से कम परेशानी हो। उन्होंने कार्यस्थलों पर सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए यात्रियों की सहूलियत के लिए डायवर्टेड मार्ग उपलब्ध कराने और समुचित साइनेज लगाने को कहा। उन्होंने परफॉर्मेन्स गारंटी की सड़कों की मरम्मत और संधारण के कार्य संबंधित ठेकेदारों के माध्यम से तत्परता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए अच्छे कार्यों से विभाग की सकारात्मक छवि गढ़ने पर जोर दिया।

उप मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभाग के सभी कार्यालयों में स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों को गंदगी, कबाड़ और कूड़े-करकट से मुक्त करने के साथ ही पूरे परिसर को साफ सुथरा रखने को कहा। उन्होंने कार्यालयीन भवनों का अच्छा रखरखाव भी करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अपर सचिव एस.एन. श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ सड़क एवं अधोसंरचना विकास निगम के अतिरिक्त प्रबंध संचालक शशांक पाण्डेय, मुख्य अभियंतागण सर्वएस.के. कोरी, ज्ञानेश्वर कश्यप, पी.एम. कश्यप, एन.के. जयंत, आर.के. रात्रे, समय लाल, के.पी. संत, टी.आर. कुंजाम, जी.एस. मंडावी और एस.के. कोर्राम भी बैठक में उपस्थित थे।

गणेशोत्सव



रायपुर, 21 सितंबर। सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति, बोरियाखुर्द शाश्वत नगर।

## समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों का सम्मान

### जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने मनाया स्थापना दिवस




**रायपुर, 21 सितम्बर।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था द्वारा रायपुर के वृंदावन हॉल में संस्था का 10वां स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा, शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में संस्था द्वारा ऐसे परिवारों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने दिवंगत परिजनों की पार्थिव देह लोककल्याण के लिए दान की तथा नेत्रदान एवं रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों के माध्यम से समाज को प्रेरणा दी। संस्था की ओर से चिकित्सा उपकरण बैंक में सहयोग करने वाले नागरिकों एवं नियमित रूप से गो सेवा से जुड़े सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वर्णिका शर्मा अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग, श्विशिष्ठ अतिथि ममता साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग सहित वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार सविता पाठक, विप्र प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, एवं विद्युत मंडल के से.नि. मुख्य अभियंता महेन्द्र धर बडगैया, आभा मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 'तिजहारिन' कार्यक्रम के जरिए छग संस्कृति को बढ़ावा : अंजय शुक्ला

**रायपुर, 21 सितंबर।** संगवारी मितान सेवा संस्थान द्वारा तीजा (तीज) के पावन अवसर पर शांतिनगर स्थित विमतारा हाल में भव्य 'तिजहारिन' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा गत पिछले 13 वर्षों से निरंतर आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी समाज की महिलाओं को एक मंच पर जोड़ना तथा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, त्यौहार और परम्पराओं को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) अंजय शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को तीजा पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं और आयोजकों की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए बधाई दी।



कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए ग्रुप डांस स्पर्धा, तीज क्वीन फैशन शो तथा अन्य मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन ममता शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक योगेश अग्रवाल, सलाहकार राजेश मिश्रा एवं कार्यक्रम संयोजक जे.पी. शर्मा इस मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में परविंदर कौर, आभा मिश्रा, संजीता शुक्ला, भारती बागल, भवानी राव, प्रीति गाइन, अलीशा कौर एवं शिवरतन गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में संजय चौधरी, अवतार सिंह बागल, अमरजीत सिंह संधू, अरविंदर पाल सिंह (राजू), अशोक मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, विजय भट्टाचार्य, मुकेश शाह, कुलदीप सिंह गिल (कप्पू), नवीन लोढ़ा तथा संतोष परमार सहित संस्था के अनेक गणमान्य सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क शिविर में पुलिस वाहन चालकों का नेत्र व दंत परीक्षण




**रायपुर, 21 सितंबर।** मिश्रा हास्पिटल में पुलिस वाहन चालकों के नेत्र और दंत परीक्षण शिविर का उद्घाटन आज पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेहत सबसे बड़ी पूंजी है, इसे बचाना सबसे बड़ा काम है। इसमें सेवाभावी डॉक्टरों के साथ स्वयं की रूचि भी जरूरी है । नयापारा, रायपुर स्थित मल्टीस्पेशियलिटी मिश्रा हास्पिटल में निशुल्क नेत्र एवं दंत शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले समस्त वाहन चालकों की जांच, परामर्श एवं उपचार किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठतम नेत्र विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ.दिनेश मिश्र, रेटिना सर्जन डॉ. प्रांजल मिश्र, दंत - रुट केनाल विशेषज्ञ डॉ. अबीर मिश्र, ट्रांसप्लांट- मसूरी रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि मिश्र द्वारा यह शिविर संचालित किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आदेश जारी कर समस्त वाहन चालकों को शिविर का लाभ उठाने के निर्देश दिये गये हैं। शिविर में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. सृष्टि मिश्र, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसून मिश्र, नाक -कान-गला विशेषज्ञ डॉ. सुरभि मिश्र भी उपस्थित थे जिन्होंने आगामी तिथियों पर निःशुल्क शिविर आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।इस अवसर पर डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कि पुलिस विभाग के साथ मिलकर काम करना सौभाग्य का विषय है। पूर्व में भी हम ऐसा करते रहे हैं। पुलिस कर्मी समाज की सेवा करते हैं इसलिये उनकी स्वास्थ्य सेवा करने में हमें बहुत हर्ष और संतोष का अनुभव होता है।

## स्वरा सोलह श्रृंगार विजेता अनिता, बागेश्वरी उपविजेता

**रायपुर, 21 सितंबर।** बेटी बचाओ मंच संजय नगर ने लगातार छठवें वर्ष तीज मिलन समारोह का आयोजन किया. दोपहर 1:00 बजे से ही मंच की महिलाएं सोलह श्रृंगार के साथ सज धज कर ÷संजना सदन÷ में एकत्र होना शुरू हुए. मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा अध्यक्षता संजय नगर अध्यक्ष संजना तिवारी की उपस्थिति में आयोजित समारोह में श्रृंगार प्रश्नोत्तरी, केट वॉक, पारंपरिक व्यंजन व तीज से संबंधित गायन व नृत्य जैसे विविध चरणों से गुजर कर प्रतियोगियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया. सर्वाधिक अंकों के आधार पर स्वरा मिश्रा सोलह श्रृंगार विजेता तथा अनिता चंद्राकर व डागेश्वरी साहू उपविजेता घोषित हुए. छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन ठेठरी, खुर्मी, पीडिया, बफौरी, फरा, चिला विशेष रहे, जिसे अंत में उपस्थित जनों को वितरित किया गया. विजेताओं को क्राउन पहनाकर प्रशस्ति पत्र व आकर्षक गिफ्ट देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया. उक्त अवसर पर संजना तिवारी के कथक नृत्य विशेष आकर्षण रहे. आयोजन में अनीता चंद्राकर केजई साहू, सुनीता चौहान, लता पवार, व शशि साहू का प्रदर्शन सराहनीय रहा.



## श्रम, कला, तकनीक और नवाचार मानव जीवन की उन्नति के आधार हैं : बजाज



**रायपुर, 21 सितंबर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के महान शिल्पकार, वास्तुकला और तकनीकी ज्ञान के अधिष्ठाता है. उन्होंने बड़े परिश्रम व कौशल से इस संसार की रचना की है. हम सबका प्रयास हो कि भगवान विश्वकर्मा द्वारा सृजित इस समृद्ध संसार की खूबसूरती कायम रहे तथा संसार में रहने वाले समस्त जीवों विशेषकर मानव समाज में शांति, सदभाव व भाईचारा स्थापित हो. उक्त उदगार बजाज ने नवयुवक विश्वकर्मा पूजा समिति ग्राम छांटा के तत्वावधान में आयोजित भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने अपने अद्भुत कला कौशल और सृजनशीलता से यह प्रेरणा दी कि श्रम, कला, तकनीक और नवाचार मानव जीवन की उन्नति के आधार हैं. अतः वर्तमान समय में युवा वर्ग को केवल डिग्री तक सीमित न रहकर हुनर और तकनीकी दक्षता विकसित करनी चाहिए. बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विज्ञान, तकनीक, उद्योग, स्टार्टअप, डिजिटल तकनीक और विनिर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर बजाज ने ग्राम की महिला कमांडों की सदस्यों का सम्मान किया तथा नशा मुक्ति के क्षेत्र में उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम को जिला पंचायत रायपुर की सभापति चंद्रकला ध्रुव ने भी संबोधित किया। इस अवसर मेहत्तरू लाल साहू, परदेसी राम साहू, दयालु गाड़ा, नवल किशोर साहू, हितेश मंडई, गोपाल राम साहू, गुलाब राम साहू आदि मौजूद थे।

## रायपुर संभाग के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों एवं मास्टर ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**रायपुर, 21 सितंबर।** रायपुर संभाग के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों एवं जिले के मास्टर ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रतिष्ठा मांगलिक भवन जोरा में शुरू हुआ।प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने अतिथियों का पुष्प् गुच्छ देकर स्वागत किया तथा उपस्थित प्रतिभागियों का परिचय कराया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण एआईसीसी के निर्देश पर दिया जा रहा यह अनुशासन का विशेष महत्व है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके राजनैतिक जीवन के लिए यह बड़ा अवसर है। आप सब गंभीरता से शिविर का लाभ ले। पहले दिन कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्तमान राजनीति में धर्म एवं धर्मनिरपेक्षता विषय पर, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ सरकार का राजस्व एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में व्यय विषय पर, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने सामाजिक समरसता के पुरोधा विषय पर, युगल पाण्डेय ने प्रशिक्षण की भूमिका और संगठन सृजन की सार्थकता विषय पर तथा अशोक चतुर्वेदी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा एवं इतिहास विषय पर व्याख्यान दिया।प्रशिक्षण के शुभारंभ के दिन पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पीसीसी उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, विधायक संदीप साहू, विधायक द्वारिकाधीश यादव, विधायक चातुरी नंद, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायकगण विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, अनिता शर्मा, जनक राम वर्मा, विनोद सेवनलाल चंद्राकर, लक्ष्मी ध्रुव, शकुंतला साहू, लेखराम साहू, जिला अध्यक्षगण कुमार मेनन, राजेन्द्र पप्पू बंजारे, सुमित्रा धृतलहरे, तारिणी चंद्राकर, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष अरूण ताम्रकर उपस्थित थे।

## तारा कोल ब्लॉक नीलामी भाजपा सरकार का छत्तीसगढ़िया अस्मिता पर प्रहार : दीपक बैज



**रायपुर, 21 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि क्या राज्य का विकास केवल जंगलों की बलि देकर और आदिवासियों को बेघर करके ही संभव है? तारा कोल ब्लॉक की नीलामी से पहले स्थानीय ग्राम सभाओं की सहमति और जल-जंगल-जमीन सुरक्षा पर रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? क्या यह सत्य नहीं है कि यह फैसला स्थानीय आदिवासियों और पर्यावरण की कीमत पर केवल चुनिंदा उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए लिया गया है? 'मोदी की गारंटी' में क्या छत्तीसगढ़ के जंगलों और खनिजों की खुली बोली लगाना भी शामिल था? जब कांग्रेस सरकार ने राज्य के संसाधनों और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखा था, तो भाजपा आते ही खदानों की लूट क्यों शुरू हो गई? जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा में लगे आदिवासी समाज का जबरिया विस्थापन किया जा रहा है। स्थानीय पर्यावरण का विनाश हो रहा है, जलस्तर में भी तेजी से गिरावट तय है, ऐसे में विस्थापन और पर्यावरण के विनाश का सामना करने वाले स्थानीय परिवारों के लिए सरकार के पास क्या जवाब है? सरगुजा के स्वाभिमान का सौदा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान, आदिवासियों के अधिकारों और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोपरि रखा तथा जल-जंगल-जमीन पर पहला अधिकार स्थानीय जनता को दिया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26